मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं नई दिल्ली से एक साथ प्रकाशित दैनिक समाचार-पत्र

हमारा उद्देश्य सेवा समर्पण जनकल्याण

एक सत बुलेटिन

E-mail: eksatbulletin@gmail.com | ग्वालियर, गुरुवार 08 अक्टूबर 2026 | वर्ष-08, अंक-177, पृष्ठ-08, मूल्य- दो रुपए | Website: www.eksatbulletin.in



दिल्ली के सीमापुरी में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी: 8 से 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका

नई दिल्ली। दिल्ली में मछली मंडी के पास सीमापुरी इलाके में बुधवार को मंजिला इमारत गिर गई। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बिल्डिंग मालिक के परिवार समेत 8 से 10 लोग मलबे में दबे हुए हैं। अब तक 2 बच्चों समेत 5 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। रेस्क्यू टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। यह इमारत ईदगाह मस्जिद के पास थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर के करीब 3.10 बजे हुआ। हादसे के दौरान बिल्डिंग की पहली मंजिल पर एक परिवार के चार से पांच लोग मौजूद थे। घायलों को राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ले जाया गया है। फायर कंट्रोल को दोपहर करीब 3:15 बजे बिल्डिंग गिरने की कॉल मिली थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

बताया जा रहा है कि यह इमारत गली के बिल्कुल अंदर की ओर है। इमारत में ग्राउंड फ्लोर पर दुकानें और ऊपर की ओर चार मंजिलें बनी हुई थीं, जिनमें अलग- अलग परिवार रहते थे। बिल्डिंग मालिक और उसका परिवार भी इसी इमारत में रहता था और उसके भी दबने की खबर है। पार्षद पंकज लूथरा ने कहा- हमें इमारत ढहने की सूचना मिली थी। मलबे से चार-पांच लोगों को पहले ही बचाया जा चुका है। शाहदरा के डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीना ने बताया, अभी तक करीब पांच से छह लोगों को अस्पताल ले जाया गया है। बचाव अभियान जारी है। सारी जानकारी मिलने के बाद ही पता चलेगा। फिलहाल दो से तीन लोग अभी भी अंदर हैं और वे हमसे संपर्क में हैं। बचाव अभियान जारी है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में सेवा ज्योति कलश यात्रा को किया संबोधित

पीएम मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष, सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहे : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

एक सत बुलेटिन, भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सेवा-सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की राष्ट्र निर्माण के संकल्प की यह अविराम यात्रा 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शुरू हुई। प्रधानमंत्री श्री मोदी की जनसेवा की यात्रा आज 25 वर्षों के गौरवपूर्ण पड़ाव पर पहुंच रही है। यह यात्रा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के संकल्प को साकार करने की निरंतर साधना रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश की प्रगति के लिए अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्र की सेवा में समर्पित करने का देशवासियों से आहवान किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ईश्वर से प्रधानमंत्री श्री मोदी के सुदीर्घ, स्वस्थ एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर देशभर के लाखों नागरिक सेवा संकल्प ज्योति यात्रा में सम्मिलित हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन में सेवा ज्योति कलश यात्रा को संबोधित करते हुए यह विचार व्यक्त किए।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा में सम्मिलित लोगों को 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने का संकल्प दिलवाया। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी के मार्गदर्शन में विकास और जनकल्याण के पथ पर निरंतर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का पालन करते हुए अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर तैयार हो चुका है। मध्यप्रदेश सरकार ने भी एक देश, एक प्रधान, एक विधान के संकल्प को पूरा करते हुए विधानसभा के माध्यम से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कराने का रास्ता साफ किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की कर कमलों से उज्जैन में बाबा महाकाल के श्री महाकाल लोक का लोकार्पण हुआ, परिणामस्वरूप उज्जैन धार्मिक तीर्थाटन का प्रमुख केंद्र बन गया है। यहां वर्ष 2022 तक लगभग 60 से 70 लाख श्रद्धालु ही आते थे, लेकिन वर्ष 2025 में 7 करोड़ तीर्थ यात्री उज्जैन आए और प्रदेश में कुल पर्यटकों की संख्या 20 करोड़ के पार पहुंच गई।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार थे कि 21वीं शताब्दी भारत की होगी। आज भारत दुनिया का सबसे युवा देश है, प्रधानमंत्री श्री मोदी सतत राष्ट्र सेवा करते हुए भारत को विकास एवं प्रगति की नई ऊंचाइयों तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कोरोना जैसे वैश्विक संकट से देश को बाहर निकालने के साथ अनुच्छेद 370 का ऐतिहासिक निर्णय, नक्सलवाद के विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई से लेकर आयुष्मान भारत, उज्ज्वला गैस योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी अनेक योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाकर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने करोड़ों लोगों के जीवन को बदलने का कार्य - किया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की यह पूरी यात्रा विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।

कार्यक्रम एवं सेवा ज्योति मशाल यात्रा में सांसद श्री अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सदस्य श्री उमेश नाथ जी महाराज, विधायक श्री अनिल जैन कालूहेड़ा,

मप्र की धरती पर बुंदेलखंड में चीतों को मिला तीसरा ठिकाना, प्रदेश को वन पर्यटन में सिरमौर बनाने में चीते निभा रहे बड़ी भूमिका

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन्य जीव हमारे वनों के आभूषण हैं। इन्हें संजोकर रखना हम सबका दायित्व है। उन्होंने कहा कि मप्र की धरती पर वन्य जीवों का संरक्षण और संवर्धन हमारा मिशन है और यह मिशन लगातार भी जारी रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार सागर के रहली में वन्य जीव सप्ताह समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व में 2 चीते (नर 'व्योम' और मादा 'नीरा') के लिए तैयार किए गए सुरक्षित बाड़े (सॉफ्ट रिलीज बोमा) में विमुक्त किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चीता मित्रों और बाघिन दीदी से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर कूनो राष्ट्रीय उद्यान और गांधी सागर अभयारण्य के बाद नौरादेही टाइगर रिजर्व में चीतों को नया ठिकाना मिला है। बुंदेलखंड स्थित वीरांगना दुर्गावती अभयारण्य प्रदेश में तीसरा ऐसा स्थान बना है, जहां चीते अपने अनुकूल प्राकृतिक आवास में स्वच्छंद होकर विचरण करेंगे। नौरादेही में 41 वर्ष पहले टाइगर रिजर्व की स्थापना हुई थी। यह अभयारण्य सबसे खास होगा, क्योंकि अब नौरादेही में पर्यटकों को चीता और टाइगर एक ही रिजर्व में विचरण करते नजर आएंगे। मध्यप्रदेश में चीतों की संख्या अब 60 तक पहुंच गई है। प्रदेश की धरती वन्य प्राणियों के लिए सबसे अनुकूल है। मध्यप्रदेश, देश में सबसे अधिक टाइगर और गिद्धों की संख्या वाला राज्य है।

UPI ट्रांजेक्शन पर शुल्क पर बोले RBI गवर्नर

नहीं पड़ेगा खास असर

एजेन्सी, मुंबई



भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कहा कि यूपीआई लेनदेन पर मामूली शुल्क लगाने से इस पर कोई खास असर नहीं होगा। केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में एक प्रश्न के उत्तर में संजय मल्होत्रा ने कहा कि फिलहाल यूपीआई लेनदेन के आंकड़ों में कोई कमी नहीं दिख रही है। उन्होंने कहा, हमें नहीं लगता है कि मामूली शुल्क का कोई खास असर होगा। आगामी 15 अक्तूबर से व्यापारी के रूप में पंजीकृत यूपीआई खातों में दो हजार रुपए के अधिक के लेनदेन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लगेगा। सरकार ने हालांकि स्पष्ट किया है कि व्यक्तिगत खातों से व्यक्तिगत खातों में किए गए लेनदेन पर कोई एमडीआर नहीं लगेगा।

रुपए के बारे में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कई रिपोर्टों के मुताबिक रुपया इस समय अपने मूल्य से कम स्तर पर है। उन्होंने कहा कि आरबीआई अपने रुख पर कायम है कि जब भी मुद्रा बाजार में अस्वाभाविक उतार-चढ़ाव होगा केंद्रीय बैंक हस्तक्षेप करेगा। रुपया आज दोपहर बाद 49 पैसे टूटकर 96.85 रुपये प्रति डॉलर तक उतर गया था। यह रिकॉर्ड निचले स्तर के काफी करीब है।

रिजर्व बैंक की विशेष योजना के तहत प्रवासी भारतीयों द्वारा एफसीएनआर (बी) खातों में आए 135 अरब डॉलर के कारण बैंकों के पास नकदी ज्यादा होने के संबंध में पूछे गए सवाल पर संजय मल्होत्रा ने कहा कि बैंकों से अपेक्षा है कि वे सोच-समझकर इसका इस्तेमाल करेंगे।

पच्चीस साल की सेवा यात्रा व्यक्तिगत महिमामंडन का अवसर नहीं, विकसित भारत का संकल्प दोहराने का दिन: मोदी

एजेन्सी, नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात और केन्द्र सरकार के प्रमुख के रूप में 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को कहा कि यह यात्रा उनके लिए व्यक्तिगत महिमामंडन का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ने का अवसर है। पीएम मोदी ने सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर यहां विकसित भारत संकल्प सभा में 2047 तक विकसित भारत बनाने, आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा, हम करके रहेंगे वी विल डू इट। प्रधानमंत्री के साथ उपस्थित लोगों ने भी इस नारे को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत के 140 करोड़ देशवासी मिलकर 2047 का विकसित भारत जरूर बनाएंगे और देश अब रुकने वाला नहीं है।

उन्होंने कहा कि सात अक्टूबर 2001 को जब उन्होंने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी, तब उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि सरकार के प्रमुख के रूप में लगातार 25 वर्ष पूरे करने का अवसर भी आएगा। उन्होंने इस लंबी यात्रा को जनता के विश्वास, आशीर्वाद और सहयोग का परिणाम बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जीवन में उनके साथ खड़े होने वाले हर व्यक्ति ने उन्हें विश्वास की शक्ति दी। जिसने उन्हें जीत दिलाई,



उसने विनम्र रहना सिखाया और जिसने गिराया, उसने फिर खड़े होकर आगे बढ़ना सिखाया। शुभचिंतकों ने प्रोत्साहित किया, जबकि आलोचकों ने उन्हें अपने भीतर झांकने का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि हर संकट उनके धैर्य की परीक्षा रहा और हर सफलता ने उनके भीतर दायित्व बोध को और मजबूत किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके जीवन की कोई घटना व्यर्थ नहीं गई। प्रत्येक घटना ने उन्हें कुछ न कुछ सिखाया। कोरोना महामारी ने उन्हें राष्ट्र के महत्व और सामूहिक शक्ति की चेतना दी, जबकि गांवों और गरीबों ने सिखाया कि साधन सीमित हो सकते हैं लेकिन सपने बड़े और हौसले बुलंद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों के सांस्कृतिक अनुभव वाले राष्ट्र की सेवा करते हुए उन्हें कभी अकेलापन महसूस नहीं हुआ। उन्होंने देश के करोड़ों स्वयंसेवकों और कार्यकर्ताओं को नमन करते हुए कहा कि उनके जीवन का ध्येय मां भारती की निस्वार्थ सेवा है। ऐसे स्वयंसेवकों का उन्हें हमेशा भरपूर सहयोग मिला है।

पीएम मोदी ने कहा कि 25 वर्ष की यात्रा को केवल अतीत की यादों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह दिन नए संकल्प लेने और उन वादों एवं इरादों को पूरा करने के लिए नई ऊर्जा जुटाने का है। उन्होंने कहा कि लाल किले से उन्होंने सबका प्रयास की बात कही थी और भारत को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए इसी सामूहिक भावना की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत-2047, आत्मनिर्भर भारत और भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने जैसे लक्ष्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि देश के लोगों की धमनियों में ऐसा आत्मविश्वास दौड़ रहा है जिसे कोई रोक नहीं सकता।

महुआ मोइत्रा पर मानहानि का केस करेंगे बंगाल के सीएस

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज अग्रवाल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ हालिया आरोपों को लेकर दीवानी और आपराधिक मानहानि की कार्यवाही शुरू करने पर विचार कर रहे हैं। यह घटनाक्रम ऐसे समय पर आया है जब हाल ही में मोइत्रा ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर मुख्य सचिव पर गंभीर आरोप लगाए गए थे।

टीएमसी सांसद ने सुब्रत गुप्ता और मनोज अग्रवाल को राज्य में एसआईआर प्रक्रिया का प्रमुख वास्तुकार बताते हुए उन पर बड़े पैमाने पर गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगाया था। मोइत्रा ने कहा था, 'बंगाल एसआईआर के दो सबसे बड़े वास्तुकारों ने हर संभव गैरकानूनी काम किया है। सुब्रत काकू और मनोज अंकल, सावधान रहें। भारत अब आपके पीछे आ रहा है। बच नहीं पाओगे।' इन आरोपों पर मनोज अग्रवाल ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सांसद महुआ मोइत्रा पर उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के प्रयास करने का आरोप लगाया है।

पीएम मोदी ने GSMA बोर्ड सदस्यों से किया संवाद, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी रहे मौजूद

समावेशी विकास का माध्यम बने तकनीक, साइबर धोखाधड़ी से निपटने तकनीक आधारित समाधान जरूरी: मोदी

एक सत बुलेटिन

नई दिल्ली। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली स्थित सेवा तीर्थ में ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशंस एसोसिएशन के बोर्ड सदस्यों के साथ बैठक कर संवाद किया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, संचार राज्य मंत्री डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर तथा भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

तकनीक हर व्यक्ति तक पहुंचे: प्रधानमंत्री

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि तकनीक को समावेशी और सतत विकास का माध्यम बनना चाहिए। उन्होंने तकनीक के लोकतंत्रीकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि डिजिटल सेवाएं समाज के हर वर्ग तक सुलभ और किफायती रूप में पहुंचनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर की संभावनाओं को



रेखांकित करते हुए कहा कि भारत का डिजिटल अनुभव विकासशील देशों के लिए उपयोगी मॉडल बन सकता है। उन्होंने तकनीक को अंतिम छोर तक पहुंचाने को डिजिटल विभाजन कम करने के लिए आवश्यक बताया। प्रधानमंत्री ने बढ़ती डिजिटल और साइबर धोखाधड़ी की चुनौती से निपटने के लिए तकनीक आधारित समाधानों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने उपयोगकर्ताओं को संभावित धोखाधड़ी वाली कॉल और डिजिटल जोखिमों के प्रति लगातार जागरूक करने की जरूरत बताई। डीपफेक और एआई आधारित सामग्री के बढ़ते प्रसार का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने ऐसी व्यवस्था विकसित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, जिससे उपयोगकर्ता डिजिटल सामग्री के स्रोत की पहचान कर सकें। उन्होंने उभरती तकनीकों के लिए वैश्विक मानकों और साझा नियमों की आवश्यकता को भी रेखांकित किया।

वैश्विक टेलीकॉम सहयोग को नई दिशा दे रहे सिंधिया

नई दिल्ली में इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण की मेजबानी की तैयारी अंतिम दौर में है। IMC 2026 में दुनिया भर के प्रमुख दूरसंचार एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस वर्ष IMC की थीम 'Scale Without Boundaries' है, जिसके माध्यम से भारत के टेलीकॉम, डिजिटल कनेक्टिविटी, AI, 6G और उभरती तकनीकों की क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जा रहा है।आपको बता दें कि केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भारत के वैश्विक टेलीकॉम जुड़ाव को मजबूत करने में लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने वैश्विक टेलीकॉम समुदाय के साथ संवाद के माध्यम से किफायती और समावेशी कनेक्टिविटी, 5G-6G, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा और सुरक्षित डिजिटल अवसंरचना जैसे विषयों पर भारत का दृष्टिकोण सामने रखा है। मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस 2026, बार्सिलोना में भारत के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए उन्होंने GSMA के मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम में भविष्य के लिए तैयार डिजिटल कनेक्टिविटी को लेकर भारत की प्राथमिकताएं साझा की थीं।

भारत में अभूतपूर्व डिजिटल परिवर्तन

GSMA बोर्ड सदस्यों ने भारत में 4G और 5G के तेजी से विस्तार, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के व्यापक स्तर और टेलीकॉम एवं मोबाइल विनिर्माण क्षेत्र के विकास की सराहना की। उन्होंने भारत के निवेश-अनुकूल नीतिगत वातावरण और सुरक्षित, मजबूत एवं विश्वसनीय डिजिटल बुनियादी ढांचे को डिजिटल विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। बोर्ड सदस्यों ने 5G, 6G, AI, साइबर सुरक्षा, डिजिटल समावेशन और सैटेलाइट कनेक्टिविटी जैसे क्षेत्रों में भारत के साथ वैश्विक सहयोग की बढ़ती संभावनाओं को भी रेखांकित किया।

दुर्गा उत्सव समिति के सदस्यों की बैठक

दुर्गा उत्सव समितियां सुरक्षा मापदंडो को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : कलेक्टर सिंह

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर



दुर्गा पंडालों के निर्माण और उनकी सजावट में दुर्गोत्सव समितियों को सभी सुरक्षा मापदंडो का कड़ाई से पालन करना होगा। न केवल विद्युत साज सज्जा में बल्कि झांकियों के निर्माण में भी समितियों को सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी, ताकि किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना न हो। ये निर्देश कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को आयोजित दुर्गोत्सव समितियों के पदाधिकारियों की बैठक में दिये। पुलिस कंट्रोल रूम में संपन्न हुई इस बैठक में अपर कलेक्टर रविशंकर राय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. आयुष जाखड़ तथा सभी संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि दुर्गा उत्सव समितियों को पंडाल के स्ट्रक्चर की मजबूती, विद्युत सुरक्षा, अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि पंडाल एवं स्ट्रक्चर की मजबूती के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि इन्हें ऐसे स्थान पर लगाया जाए, जिससे आमजन को आवागमन में परेशानी न हो। कलेक्टर ने बिजली की सजावट में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का उपयोग करने और शॉर्ट सर्किट जैसी घटनाओं की संभावना को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि समितियों को देखना होगा की विद्युत की साज-सज्जा में कहीं भी कटे तारों का इस्तेमाल न हो। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों को भी अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां रखने निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि आयोजन समितियों को अनुमति लेने के साथ ही सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित करनी होगी। समिति, डेकोरेटर, विद्युत व्यवस्था एवं स्ट्रक्चर लगाने वाले सभी संबंधित लोगों को एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के बजाय समन्वय के साथ काम करना होगा। बैठक में दुर्गा उत्सव समितियों की मांग पर कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि जिले के बाहर से आने वाले डीजे पर प्रतिबंध लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले की सीमाओं पर स्थित टोल नाकों से ही बाहर से आने वाले डीजे को रोकने की कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। कलेक्टर ने आयोजन समितियों द्वारा वॉलंटियर्स की नियुक्ति और उनकी पहचान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि वॉलंटियर्स की पर्याप्त संख्या हो और वे आयोजन स्थल पर पूरे समय मौजूद रहें। उनकी पहचान के लिए बैज अथवा पहचान-पत्र की व्यवस्था की जाए, ताकि आपात स्थिति में उनसे तत्काल संपर्क किया जा सके। उन्होंने कहा कि दुर्गा उत्सव जिले का महत्वपूर्ण त्योहार है। व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा शुरुआत से ही पंडालों और आयोजन स्थलों का निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में वीडियो कांन्फ्रेंसिंग से जुड़े पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने कहा कि दुर्गा उत्सव के दौरान सभी समितियां पुलिस एवं प्रशासन के साथ निरंतर समन्वय बनाए रखें। पंडाल एवं डेकोरेशन, विद्युत सुरक्षा, पुलिस व्यवस्था, मूर्ति विसर्जन तथा नदी में बच्चों की सुरक्षा सहित विसर्जन घाटों पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि इस बार सभी का पूरा फोकस इस बात पर होना चाहिए कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

श्रद्धापूर्वक पितरों को दी जा रही जलांजलि, तर्पण से मिलती है पितृ ऋण से मुक्ति



■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर

अपने पूर्वजों को आदर और सम्मान के साथ याद करने का महापर्व पितृपक्ष जिसे महालया भी कहा जाता है, भाद्रपद की पूर्णिमा से प्रारंभ हुआ, इसकी आज त्रयोदशी तिथि है। तिथि के अनुसार श्रद्धालु ने अपने पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने नर्मदा के विभिन्न तटों, जलाशयों तथा घरों में कुशा, जौ-तिल के साथ अपने पितरों का आव्हान कर रहें और उन्हें जलांजलि दे रहे। हिन्दू धर्म शास्त्रों में तीन प्रकार के ऋणों का उल्लेख मिलता है। देव ऋण, ऋषि ऋण, और पितृ ऋण इन तीनों में पितृ ऋण सबसे बड़ा है और इस ऋण से मुक्ति के लिए ही हमारे पूर्वजों ने श्राद्ध का विधान बनाया था। पितृपक्ष में पूर्णिमा से लेकर पितृमोक्ष अमावस्या तक श्रद्धालुजन पूरे भक्तिभाव और आदर के साथ अपने पितरों का स्मरण करेंगे। ज्योतिषाचार्य पंड़ित पीएल गौतामाचार्य के अनुसार पितृपक्ष में श्राद्ध और तर्पण सामान्यतः दोपहर 12 बजे के लगभग करना ठीक माना जाता है। इसे किसी सरोवर नदी या फिर अपने घर में भी किया जा सकता है। परंपरानुसार अपने पितरों के आव्हान के लिये जौ, काले तिल व घी का मिश्रण करके पिंडदान व तर्पण किया जाता है। इसके पश्चात् विष्णु भगवान व यमराज की पूजा अर्चना के साथ-साथ अपने पितरों की भी पूजा की जाती है। इसमें अपनी तीन पीढ़ी पूर्व तक के पूर्वजों की पूजा करने की मान्यता है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार जिस तिथि में माता-पिता, दादा-दादी, आदि परिजनों का निधन होता है।

लोकगायन प्रतियोगिता:भारतीय संस्कृति की विरासत लोकगायन

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर



अंतर्राष्ट्रीय संस्था प्रसंग के द्वारा जबलपुर की आवाज पांच दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत लोकगायन प्रतियोगिता का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, गणेश,सरस्वती पूजन, गणेश वंदना,सरस्वती वंदना से प्रेमवती नर्सिंग कॉलेज,अहिंसा चौक जबलपुर में हुआ। कार्यक्रम के में संस्था परिचय डॉ.मकबूल अली कादरी,अतिथि परिचय बसंत शर्मा अतिथि उद्धबोधन में डॉ.अनामिका तिवारी ने कहा कि वर्तमान युग भारतीय संस्कृति की विरासत है लोकगायन। डॉ.बैजनाथ गौतम ने कहा कि लोकधारा से जुड़ा हुआ यह कार्यक्रम अत्यन्त सराहनीय है। कार्यक्रम के निर्देशक इंजी विनोद नयन नें जबलपुर की आवाज कार्यक्रम परिकल्पना पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम संयोजक डॉ.मुकुल तिवारी मुकुल ने लोकगायन प्रतियोगिता की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस लोकगायन प्रतियोगिता में लगभग दस वर्ष से अस्सी वर्ष तक की महिलाओं नें अपनी लोकगीत प्रस्तुति दी हैं। कुछ प्रतिभागियों नें स्वरचित प्रस्तुति दी है।सह संयोजक एड तृप्ति त्रिवेदी संयोजन सहयोग मकबूल अली डॉ.रानू राठौर रुही,डॉ.विनीता पाण्डे विनीत, विवेक त्रिपाठी, डॉ.विनोद बाजपेयी ने किया है। लोकगायन प्रतियोगिता में निर्णायक ख्यातिलब्ध लोकगायक आकाशवाणी कलाकार श्रीमती वर्षा यादव एवं श्रीमती ललिता देवी सिंह थीं।

फूटाताल तालाब में मत्स्य समिति के कार्यों का किया निरीक्षण

जबलपुर। संयुक्त संचालक मत्स्योद्योग गिरीश मेश्राम ने फूटाताल तालाब का भ्रमण कर मछुआ मजदूर सहकारी समिति द्वारा किए जा रहे मत्स्य पालन एवं उत्पादन कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समिति के सदस्यों से तालाब में मत्स्य बीज संचयन, मछली उत्पादन, मत्स्य आहार, मछली पकड़ने और विक्रय व्यवस्था की जानकारी ली।श्री मेश्राम ने तालाब के जलक्षेत्र और उपलब्ध मत्स्य संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर समिति सदस्यों से चर्चा की। उन्होंने वैज्ञानिक एवं व्यवस्थित तरीके से मत्स्य पालन करने, तालाब की स्वच्छता व जल गुणवत्ता बनाए रखने तथा उत्पादन बढ़ाकर समिति सदस्यों की आय में वृद्धि करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया। सदस्यों तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक संचालक मत्स्योद्योग राजा राज तिलक धुर्वे, मत्स्य निरीक्षक सुनीता ढोके तथा समिति के सदस्य हरिओम, अवधेश, अज्जू, लक्ष्मण सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

जागरूक कार्यक्रम के संचालन को लेकर कृषि अधिकारियों एवं शिक्षकों की बैठक संपन्न

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर



विद्यार्थियों और भावी पीढ़ी को मिट्टी की सेहत के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिले में स्थित पीएम श्री विद्यालयों में किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग द्वारा स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम का संचालन किया जायेगा। कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को मृदा परीक्षण का सैद्धान्तिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा रासायनिक उर्वरकों के अंधाधुंध इस्तेमाल से मिट्टी और मानव स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले दुष्प्रभावों से अवगत कराया जायेगा। स्कूल सॉइल हेल्थ प्रोग्राम के संचालन को लेकर आज कृषि अधिकारियों एवं पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। कलेक्ट्रेट स्थित उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय में आयोजित इस बैठक में कृषि विभाग के नोडल अधिकारियों द्वारा पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकों को खेत से सही तरीके से मृदा (मिट्टी) का नमूना लेने की विधि के बारे में प्रशिक्षित किया गया। बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि मिट्टी का स्वास्थ्य अच्छा होगा तो हम सब स्वस्थ रहेंगे। बैठक में बताया गया कि अधिक उत्पादन की होड़ में कृषि भूमि में रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक मात्रा में उपयोग किया जा रहा है, जबकि इनका उपयोग केवल संतुलित मात्रा में ही होना चाहिए। अंधाधुंध और अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से मिट्टी की उपजाऊ शक्ति क्षीण हो रही है, भू-जल प्रदूषित हो रहा है और खाद्य श्रृंखला पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। समय की मांग है कि रासायनिक खादों पर निर्भरता कम कर और मृदा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक हों। बैठक में दी गई जानकारी के अनुसार आने वाले दिनों में स्कूलों के छात्र-छात्राओं को मृदा परीक्षण का सैद्धान्तिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा उन्हें खेतों का भ्रमण भी कराया जाएगा, ताकि वे मैदानी स्तर पर मिट्टी की सेहत को समझ सकें। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 8वीं, 9वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों का चयन किया जायेगा। चयनित विद्यार्थियों का विधिवत पंजीयन कराकर उनके माध्यम से मिट्टी के नमूने एकत्र किये जायेंगे। बैठक में उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे, जिला नोडल अधिकारी अमित कुमार पांडे तथा पीएम श्री स्कूलों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

नवरात्रि में खुले में मांस विक्रय पर रोक की मांग

जबलपुर। शारदीय नवरात्रि को देखते हुए राष्ट्रीय बजरंग दल, जबलपुर महानगर ने नगर निगम एवं पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मंडी मदार टेकरी सहित शहर के अन्य क्षेत्रों में खुलेआम मांस विक्रय पर रोक लगाने की मांग की है। संगठन ने धार्मिक स्थलों की सुरक्षा एवं गरिमा बनाए रखने के साथ मंदिर परिसरों के आसपास चल रही गतिविधियों पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग भी की। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि नवरात्रि के दौरान धार्मिक स्थलों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, सुरक्षा और धार्मिक वातावरण बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। ज्ञापन के माध्यम से धार्मिक स्थलों की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग भी की गई। ज्ञापन सौंपने के दौरान विभाग महामंत्री अमित उपाध्याय, विभाग मंत्री सोनू श्रीवास्तव, समीर जैन, अंकित सोनी, अमित प्रजापति सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फसल का अटका भुगतान, सड़क पर किसान, ट्रैक्टर लेकर आ रहे किसानों को चौक पर पुलिस ने रोका

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर



फसल की उपज का लंबित भुगतान नहीं मिलने से परेशान मझौली तहसील के करीब 200 से 250 किसान बुधवार को ट्रैक्टरों के बड़े काफिले के साथ जबलपुर पहुंचे। किसानों ने कलेक्ट्रेट घेराव की रणनीति बनाई थी, लेकिन कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए पुलिस ने उन्हें दीनदयाल चौक पर ही रोक दिया। किसान नेता सतवंत सिंह ठाकुर के नेतृत्व में पहुंचे किसानों ने धान, गेहूं और मूंग की सरकारी खरीदी की लंबित राशि का तत्काल भुगतान करने की मांग की। किसानों की संख्या अधिक होने के कारण प्रशासन ने पूरे जत्थे को कलेक्ट्रेट तक जाने की अनुमति नहीं दी। केवल पांच ट्रैक्टरों को कलेक्ट्रेट परिसर तक जाने की अनुमति दी गई। इस दौरान किसानों ने प्रशासन की कार्रवाई पर नाराजगी जताई और अपनी समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। ट्रैक्टरों का काफिला दीनदयाल चौक पहुंचा तो मुख्य मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित हुआ। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर किसानों को रोक लिया। अधिकारियों ने किसानों से चर्चा कर स्थिति नियंत्रित करने का प्रयास किया। किसानों का कहना था कि वे शांतिपूर्ण तरीके से कलेक्टर को अपनी समस्याएं बताने और ज्ञापन सौंपने आए थे। बाद में सीमित संख्या में प्रतिनिधियों को आगे भेजकर ज्ञापन सौंपने की प्रक्रिया कराई गई। प्रदर्शनकारी किसानों ने आरोप लगाया कि उनकी मूंग की राशि करीब चार वर्षों से लंबित है।

गुप्तेश्वर में सड़क किनारे मिला मजदूर का शव अज्ञात वाहन की टक्कर की आशंका

जबलपुर। गोरखपुर थाना क्षेत्र के गुप्तेश्वर इलाके में बुधवार सुबह सड़क किनारे एक पुताई मजदूर का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव एमजीएम स्कूल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग के किनारे पड़ा था। सुबह लोगों की नजर शव पर पड़ते ही मौके पर भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही गोरखपुर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मृतक की पहचान रामपुर छापर निवासी प्रदीप उर्फ राजू यादव के रूप में हुई है। वह पुताई का काम करता था। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि किसी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से उसकी मौत हुई होगी।

'वोट चोरी' के आरोपों पर इंडिया गठबंधन का पैदल मार्च, मोदी-शाह और ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंके

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर

कथित 'वोट चोरी' और निर्वाचन प्रक्रिया में अनियमितताओं के आरोपों को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को जबलपुर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन के घटकदलों ने टाउन हॉल से मालवीय चौक तक पैदल मार्च निकाला7 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के पुतले फूंके। प्रदर्शनकारियों ने मतदाता सूची और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा की मांग उठाई। कांग्रेस का आरोप है कि मतदाता सूची से जुड़े मामलों में गंभीर सवाल सामने आए हैं और निर्वाचन आयोग को इनका स्पष्ट जवाब देना चाहिए। पार्टी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर देशभर में आंदोलन तेज करने की बात कही है। कांग्रेस नेताओं ने दिल्ली में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को हिरासत में लिए जाने की घटना का भी विरोध किया। मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस और विपक्षी दलों ने चुनाव आयोग के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे तथा मतदाता सूची से संबंधित मुद्दों पर कार्रवाई की मांग की थी। प्रदर्शन के दौरान राहुल गांधी सहित कई नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया था। प्रदर्शन के दौरान विधायक लखन घनघोरिया, नगर अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाता का अधिकार सर्वोपरि है। निर्वाचन प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब चुनाव आयोग को देना चाहिए और मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों का पारदर्शी तरीके से निराकरण किया जाना चाहिए।

जिले की आठों विधानसभा में निकली `सेवा ज्योति कलश यात्रा'

सेवा संकल्प अभियान : लोक निर्माण मंत्री ने मशाल प्रज्वलित कर यात्रा को किया रवाना

■ एक सत बुलेटिन, जबलपुर



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा, सुशासन एवं राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आज जिले की सभी आठों विधानसभा क्षेत्र में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ सिविक सेंटर से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने मशाल प्रज्वलित कर किया। इसके बाद सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए यात्रा वाहनों को रवाना किया गया।

कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली संबोधित किया। उन्होंने अपने स्कूल जीवन से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक के सफर और जनसेवा के अनुभवों को साझा किया। उन्होंने सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिले की विकास पुस्तिका का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अजय विश्नोई, अशोक रोहाणी, सुशील तिवारी इंदु, डॉ. अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, संतोष बरकड़े, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष मती आशा मुकेश गोटिया, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश भाजपा कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मती अश्वनी परांजपे, आलोक संजर, दि०?यांगजन प्रको?ठ के प्रदेश संयोजक संदीप रजक, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कान्त साहू, प्रदेश प्रवक्ता डॉ वाणी अहलुवालिया, पूर्व महापौर प्रभात साहू, नगर महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, सोनू बचवानी, ग्रामीण महामंत्री राजेश दाहिया, रुपेश पटेल, कृष्णशेखर सिंह सहित बड़ी तादात में जन सामान्य मौजूद था। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के नेतृत्व में पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के गुलौआ चौक से करीब 3 किलोमीटर तक पैदल 'ज्योति कलश यात्रा' निकाली गई। यात्रा में हजारों की संख्या में आमजन शामिल हुए। इस दौरान मार्ग में क्षेत्र के नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। यात्रा गुलौआ चौक से आनंद कुंज तिराहा, गौतम जी की मढिया होते हुए वापस गुलौआ चौक पहुंची जहां यात्रा का समापन हुआ।

न्यूज ब्रीफ

हाईवे वही, फिर शराब दुकान के दो नियम क्यों हाईकोर्ट



ग्वालियर। हाईवे किनारे शराब दुकानों की दूरी को लेकर हाईकोर्ट ने सरकार से सवाल किया है। अदालत ने पूछा कि जब हाईवे एक ही है, तो शहर की सीमा में आने पर शराब दुकानों के लिए अलग नियम क्यों लागू होते हैं? सुनवाई के दौरान सामने आया कि शहर की सीमा से बाहर हाईवे किनारे शराब दुकान के लिए 500 मीटर की दूरी का नियम लागू है, जबकि नगर निगम, नगरपालिका या नगर पंचायत की सीमा में यह पाबंदी नहीं है। कोर्ट ने इस अंतर का आधार पूछते हुए सरकार से जवाब मांगा है। मामला शहर की मुख्य सड़कों से जुड़ी जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आया। याचिका में एनएच-44 किनारे संचालित शराब दुकानों का मुद्दा उठाया गया था। कोर्ट ने पूछा कि यदि हाईवे से शराब दुकान को 500 मीटर दूर रखने का उद्देश्य शराब की पहुंच को नियंत्रित करना है, तो यही उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भी लागू क्यों नहीं होना चाहिए।

दंदरौआ धाम शताब्दीपुरम में रामलीला 10 से



ग्वालियर। दीनदयाल नगर स्थित नवदुर्गा रामलीला सेवा समिति के तत्वावधान में दंदरौआ धाम शताब्दीपुरम में इस वर्ष रामलीला का भव्य आयोजन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन 10 से 20 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 7:30 बजे से किया जाएगा। आयोजन को लेकर समिति द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। रामलीला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। रामलीला का मंचन वृंदावन के राधरसिक बिहारी लीला संस्थान के कलाकारों द्वारा किया जाएगा। कलाकारों द्वारा भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े विभिन्न प्रसंगों का मंचन पारंपरिक और धार्मिक वातावरण में किया जाएगा। आयोजन की शुरुआत गणेश पूजन और नारद मोह संवाद से होगी।

आउटसोर्स कर्मचारी की मौत के बाद बढ़ा विवाद



ग्वालियर। नीमच जिले के चीताखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बिसलवास कलां में बिजली लाइनों के मेंटेनेंस कार्य के दौरान करंट लगने से एक आउटसोर्स कर्मचारी प्रताप सिंह की आकस्मिक मौत के बाद मामला पूरी तरह गरमा गया है। इस दर्दनाक घटना से आक्रोशित होकर मृतक के परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों ने विद्युत वितरण कंपनी के कार्यालय के ठीक सामने मुख्य मार्ग पर शव को रखकर जोरदार धरना शुरू कर दिया है। प्रदर्शनकारियों का यह गंभीर आरोप है कि शटडाउन का निर्धारित समय पूरा होने से पहले ही मनमाने तरीके से हाईटेंशन लाइन को दोबारा चालू कर दिया गया था, जिसके चलते यह हादसा हुआ। 'करणी सेना परिवार' के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुरा भी इस धरने में विशेष रूप से पहुँचे और उन्होंने दोषियों के खिलाफ सख्त हत्या का मामला दर्ज किए जाने की पुरजोर मांग उठाई। क्या है पूरी घटना और कैसे हुआ हादसा? विस्तृत जानकारी के अनुसार, बिसलवास कलां में बिजली की लाइन के मेंटेनेंस का काम चल रहा था और इसी दौरान प्रताप सिंह बिजली के खंभे पर चढ़कर अपना कार्य कर रहे थे। अचानक हाईटेंशन लाइन में तीव्र विद्युत प्रवाह (करंट) दौड़ गया, जिसकी चपेट में आने से वे गंभीर रूप से झुलस गए।

विशेष युवा जागरूकता कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया

साइबर सुरक्षा, महिला सम्मान और नशा मुक्ति से बनेगा विकसित भारत

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत केंद्र ग्वालियर द्वारा शासकीय संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बिरला नगर में विकसित भारत युवा संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत थीम पर एक विशेष युवा जागरूकता कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद भारत सिंह कुशवाह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हॉकी इंडिया के एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट तथा एमएमए के वाईस प्रेसिडेंट श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर उपस्थित रहे।

युवा शक्ति ही देश का असली भविष्य - सांसद श्री कुशवाह सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आज के डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति युवाओं को अत्यधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सतर्कता पर विशेष जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने महिला सुरक्षा एवं सम्मान को एक सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त बताया। सांसद श्री कुशवाह ने नशा-मुक्त भारत का आह्वान करते हुए कहा कि युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के गौरवशाली सेवा-काल के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान का जिक्र करते हुए उन्होंने युवाओं में सेवा भावना और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान सेवा मेरा योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि जब हमारा युवा इन संवेदनशील मुद्दों के प्रति जागरूक होगा, तभी एक समर्थ भारत का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश कुंवर सिंह जाटव ने भी युवाओं को राष्ट्र निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथि श्री देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर ने युवाओं में खेल भावना और अनुशासन के महत्व को बताते हुए उपस्थित सभी युवाओं एवं गणमान्य नागरिकों को नशा मुक्त भारत की शपथ सामूहिक रूप से दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य सचिन कौरव, प्राचार्य श्री पुष्कर बंसल, जिला रोजगार अधिकारी दिनेश बातम, यूथ आइकॉन तरुण विश्वकर्मा और सुशील उपाध्याय विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में नेशनल यूथ वॉलिंटियर चमन कुशवाह, विक्रम बघेल, विशाल कुशवाह, कोमेंद्र गुर्जर, अनुज शर्मा, रागिनी चौरसिया सहित समस्त छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम का कुशल और संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष अरविंद कुशवाह द्वारा किया गया।

आज इंडिया गठबंधन के आंदोलन में वामपंथी पार्टियां बढ़कर भाग लेंगी



■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर

इंडिया गठबंधन की ओर से देशव्यापी आंदोलन के तहत ग्वालियर में 8 अक्टूबर को अचलेश्वर से निकलने वाले जुलूस में वामपंथी पार्टियां भागीदारी करेंगी। वामपंथी पार्टियों में सीपीआई के वरिष्ठ नेता म प्र राज्य कार्यकारिणी सदस्य कौशल शर्मा एडवोकेट ,माकपा के जिला सचिव एम के जायसवाल भाकपा माले के विनोद रावत ने संयुक्त रूप से चर्चा कर बढ़कर रिश्तेदारी करने का निर्णय लिया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कौशल शर्मा, अशोक पाठक, संजीव राजपूत , शैलेश परमार, प्रकाश वर्मा, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के रामविलास गोस्वामी, अखिलेश यादव, एवं जिला सचिव एमके जायसवाल भाकपा माले के विनोद रावत श्रीमती सुल्ताना बानो एवं मयंक रावत ने अपने आम कार्यकर्ताओं और आम जन से अपील करते हुए कहा है कि देश के मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा लोकतंत्र की हत्या करने जैसी साजिशों के खिलाफ देशभर में व्यापक विरोध कार्यवाही की जा रही है उसी के कड़ी में ग्वालियर में चुनाव आयुक्त के खिलाफ होने वाले जुलूस और प्रदर्शन में सभी को शामिल होने होना है। यह जुलूस इंद्रागंज चौराहा होते हुए फुलवाग पर गांधी प्रतिमा के सामने पहुंचकर समाप्त होगा जुलूस और प्रदर्शन में होने वाली सभा को इंडिया गठबंधन के सभी दलों के नेता संबोधित करेंगे।

सोशल मीडिया पर दुल्हन का झांसा दो महिलाओं से 24,500 रुपए ठगे

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



सोशल मीडिया पर अनाथ आश्रम से शादी कराने का विज्ञापन देखकर ग्वालियर की दो महिलाएं साइबर ठगी का शिकार हो गईं। जालसाजों ने बेटे और रिश्तेदार के लिए दुल्हन तलाश रही महिलाओं से अलग-अलग किश्तों में 24,500 रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

जब महिलाओं ने शादी से पहले दुल्हन से वीडियो कॉल पर बात कराने को कहा तो आरोपियों ने उनके नंबर ब्लॉक कर दिए। पीड़िताओं ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और पुलिस में शिकायत की है। शब्दप्रताप आश्रम क्षेत्र के रामपुरी मोहल्ला निवासी आरती शाक्य और उनकी पड़ोसन पूनम जाटव ने फेसबुक पर एक विज्ञापन देखा था। इसमें दावा किया गया था कि शादी के इच्छुक कुंवारे लड़कों का विवाह अनाथ आश्रम की लड़कियों से कराया जाता है। पूनम अपने मौसी के बेटे और आरती अपने बेटे के लिए लड़की तलाश रही थीं। तस्वीरें भेजीं, फर्जी फॉर्म और सर्टिफिकेट दिखाए महिलाओं का भरोसा जीतने के लिए आरोपी ने वॉट्सऐप पर 8-9 लड़कियों की तस्वीरें भेजीं। लड़की पसंद करने के बाद आरोपी ने दूल्हे-दुल्हन की फोटो लगाकर 500 रुपए के स्टाम्प पेपर जैसा दिखने वाला फर्जी रजिस्ट्रेशन फॉर्म और मैरिज सर्टिफिकेट का ड्राफ्ट भेजा। आरोपी ने 2 अक्टूबर को शादी कराने का भरोसा भी दिलाया।

रफ्तार कार ने एक्टिवा को मारी टक्कर:ग्वालियर में पिकनिक से लौटडु रहे नमकीन कारोबारी की मौत

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



ग्वालियर में सड़क हादसे में 38 वर्षीय नमकीन कारोबारी गौरव जैन की मौत हो गई। गौरव अपने दो दोस्तों मनीष राजौरिया और कुशल कुशवाहा के साथ बरई-पनिहार की वादियों और पहाड़ी झरनों पर पिकनिक मनाने गए थे। शाम को तीनों एक ही एक्टिवा से ग्वालियर लौट रहे थे। नयागांव इलाके में रेलवे पुल के पास तेज रफ्तार कार ने उनकी एक्टिवा को टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से उन्हें ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां इलाज के दौरान गौरव की मौत हो गई। दोनों दोस्तों का इलाज जारी है। बुधवार को गौरव के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। शहर के भाऊ साहब का बाजार निवासी गौरव जैन नमकीन कारोबारी थे। हाल ही में उन्होंने अपना कारोबार सेट किया था। कारोबार अच्छी तरह जमने के बाद वह पूरे घर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। परिवार की जिम्मेदारी के चलते गौरव अभी अविवाहित थे और घर में उनकी शादी की बातचीत भी चल रही थी। मंगलवार को अवकाश होने के कारण गौरव अपने दोस्तों मनीष राजौरिया और कुशल कुशवाहा के साथ बरई-पनिहार की वादियों और पहाड़ी झरनों पर पिकनिक मनाने गए थे। देर शाम तीनों एक्टिवा से घर लौट रहे थे। नयागांव के पास रेलवे पुल पर तेज रफ्तार कार ने उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को गंभीर चोटें आईं। ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान मौत हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। राहगीरों की मदद से पुलिस ने घायल गौरव और उनके दोस्तों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां कुछ मिनट के इलाज के बाद गौरव जैन की मौत हो गई। मनीष और कुशल का इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से घायल व्यापारी व उसके दोस्तों को तत्काल ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया।

जमीन विवाद में परिवार पर हमला:पति-पत्नी और बेटे को लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से पीटा

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



ग्वालियर में जमीन के मालिकाना हक को लेकर विवाद में पांच आरोपियों ने पति-पत्नी और उनके बेटे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में मीरा, उनके पति नंदलाल और बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना तिघरा थाना क्षेत्र की है ।

मीरा पत्नी नंदलाल कुशवाह ने बताया कि भयपुरा गांव के रघुनाथ, धर्मेन्द्र, सतबीर, लाल सिंह और नीलेश से उनकी पुरानी रंजिश है। आरोप है कि पांचों की लंबे समय से उनकी पुश्तैनी जमीन पर नजर है। इसी जमीन के विवाद को लेकर आरोपियों ने उनके परिवार पर हमला किया। मीरा के अनुसार, आरोपी अचानक लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर पहुंचे और उनके पति नंदलाल और बेटे को घेरकर हमला कर दिया। पति और बेटे को बचाने के लिए मीरा बीच-बचाव करने पहुंचीं तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। हमले में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

धमकी देकर मौके से भागे

शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। सूचना मिलने पर तिघरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया।

गंभीर रूप से घायल पिता-पुत्र का इलाज जारी है। तिघरा थाना पुलिस ने मीरा कुशवाह की शिकायत पर रघुनाथ, धर्मेन्द्र, सतबीर, लाल सिंह और नीलेश के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द गिरफ्तारी की बात कही है।

सिर्फ 26 सेकेंड में लापता हुई दुल्हन, पति बाइक खड़ी करने में लगा था

ग्वालियर। मध्य प्रदेश के ग्वालियर जिले से एक बेहद हैरान करने वाला मामला सामने आया है, जहां फूलबाग स्थित चिड़ियाघर के बाहर से एक विवाहिता अपने प्रेमी के साथ महज 26 सेकंड के भीतर फरार हो गई। इस घटना के बाद से इलाके में सनसनी फैल गई है और पीड़ित पति ने थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है।

चिड़ियाघर के बाहर से अचानक गायब हुई पत्नी शिवपुरी जिले के नरवर क्षेत्र का रहने वाला 21 वर्षीय युवक अपनी 18 वर्षीय पत्नी के साथ मंगलवार को ग्वालियर आया था। दोनों यहां अपने किसी रिश्तेदार से मिलने पहुंचे थे, जिसके बाद पत्नी ने ग्वालियर के फूलबाग स्थित चिड़ियाघर घूमने की इच्छा जताई। पति अपनी पत्नी को लेकर चिड़ियाघर पहुंचा और बाहर बाइक रोककर उसे वहीं खड़े रहने के लिए कहा। इसके बाद वह अपनी बाइक को पार्किंग में पार्क करने चला गया। जब वह कुछ ही पलों में लौटकर आया, तो उसने देखा कि उसकी पत्नी वहां मौजूद नहीं थी। मात्र 26 सेकंड में प्रेमी के साथ हुई फरार पत्नी के अचानक गायब होने से घबराए पति ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और उसकी तलाश शुरू की। जब कोई सुराग नहीं मिला, तो उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो इस पूरी सनसनीखेज घटना का खुलासा हुआ। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि पति के बाइक पार्क करने जाते ही एक युवक वहां अपनी बाइक लेकर पहुंचता है और महिला को अपनी गाड़ी पर बिठाकर रफूचक्कर हो जाता है। यह पूरी घटना महज 26 सेकंड के भीतर अंजाम दी गई।

स्कूलों में स्मार्ट मीटर लगा और बिजली बंद, 5 हजार बच्चे बेहाल

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर



ग्वालियर शहर और मुरार ब्लॉक के करीब 10 शासकीय स्कूलों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बकाया बिल के नाम पर बिजली सप्लाई बंद कर दी गई। दो दिन से बिजली नहीं आने के कारण करीब 5 हजार विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चे गर्मी और उमस के बीच अंधेरे कमरों में पढ़ने को मजबूर हैं। स्कूलों में पानी की सप्लाई, कंप्यूटर लैब और विभागीय ऑनलाइन कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।

इन स्कूलों की काटी गई बिजली

विद्युत बिल बकाया होने के कारण ग्वालियर के शासकीय विद्यालय जनकगंज, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरार-2, श्री कृष्ण धर्मशाला स्कूल, शासकीय विद्यालय हेम सिंह की परेड, शासकीय विद्यालय राजा बाक्षर की गोठ, हरि दर्शन स्कूल, जीजीएमएस दाल बाजार और हाई स्कूल घासमंडी कन्या विद्यालय थाटीपुर सहित अन्य स्कूलों में विद्युत अवरोध है।

'बिल जमा नहीं होने से कनेक्शन कटे'

स्कूलों में बिजली नहीं होने को लेकर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि बिजली का बिल जमा नहीं होने की वजह से कनेक्शन काटे गए थे। अब यह सुनिश्चित हो गया है, इसलिए जल्द ही कनेक्शन जोड़ दिए जाएंगे।

व्यापारियों की मदद के लिए बनेगा कियोस्क सेंटर

ग्वालियर व्यापार मेला 15 दिसंबर से 15 फरवरी तक, दुकानों का आवंटन होगा ऑनलाइन

■ एक सत बुलेटिन, ग्वालियर

श्रीमंत माधवराव सिंधिया ग्वालियर व्यापार मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इस बार व्यापार मेले का आयोजन 15 दिसंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक किया जाएगा। मेले में बड़ी संख्या में व्यापारियों और दुकानदारों के पहुंचने की संभावना है। मेला प्राधिकरण ने इस बार दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण बदलाव किया है। दुकानों का आवंटन अब पूरी तरह ऑनलाइन किया जाएगा। इसके लिए एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन से लेकर दस्तावेज जमा करने और शुल्क भुगतान तक की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

पारदर्शी होगी दुकानों के आवंटन की प्रक्रियामेला प्राधिकरण के अनुसार ऑनलाइन व्यवस्था लागू करने का मुख्य उद्देश्य दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना है। इससे व्यापारियों को आवेदन के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। ऑनलाइन आवेदन के बाद निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार दुकानों का आवंटन किया जाएगा। मेला सचिव सुनील त्रिपाठी ने बताया कि व्यापारियों के लिए नो-ड्यूज एनओसी की व्यवस्था भी ऑनलाइन की गई है। हालांकि, एनओसी तभी जारी होगी, जब संबंधित व्यापारी पिछले मेले का पूरा बकाया जमा कर देगा। वर्ष 2025-26 की बकाया राशि का भुगतान किए बिना व्यापारी वर्ष 2026-27 के व्यापार मेले में दुकान आवंटन के लिए पात्र नहीं होगा।



प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि पुराने बकाये में केवल दुकान का किराया ही शामिल नहीं है। इसमें कवर्ड एरिया शुल्क, अतिरिक्त विद्युत भार का शुल्क और निर्धारित समय के बाद दुकान लगाने पर लगाई गई पेनल्टी भी शामिल है। संबंधित व्यापारी को पहले इन सभी बकाया राशि का ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही उसे नो-ड्यूज एनओसी प्राप्त होगी। ऑनलाइन आवेदन, दस्तावेज अपलोड करने या शुल्क भुगतान के दौरान तकनीकी समस्या आने पर व्यापारियों के लिए हेल्पलाइन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। व्यापारी एमपी ऑनलाइन प्रभारी आशीष सक्सेना के मोबाइल नंबर 7049923890 पर संपर्क कर समस्या का समाधान प्राप्त कर सकेंगे। मेला प्राधिकरण का कहना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता बढ़ेगी। साथ ही आवेदन प्रक्रिया में लगने वाला समय भी कम होगा। ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध रहने से आवेदन, भुगतान और एनओसी से संबंधित जानकारी को व्यवस्थित तरीके से सुरक्षित रखा जा सकेगा। व्यापारियों को भी अपने आवेदन और भुगतान की स्थिति की जानकारी ऑनलाइन मिल सकेगी। ग्वालियर व्यापार मेला शहर के प्रमुख व्यापारिक आयोजनों में शामिल है।

व्यापारियों की मदद के लिए बनेगा कियोस्क सेंटर

ऑनलाइन प्रक्रिया में किसी व्यापारी को परेशानी न हो, इसके लिए मेला परिसर के कलारंग मंच हॉल में कियोस्क सेंटर बनाया गया है। यहां मेला प्राधिकरण की टीम व्यापारियों को ऑनलाइन आवेदन करने, आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने और शुल्क जमा करने में सहायता करेगी। इससे ऐसे व्यापारी भी आसानी से आवेदन कर सकेंगे, जिन्हें ऑनलाइन प्रक्रिया की जानकारी कम है।

संपादकीय

न निलंबन, न ही रोक

सर्वोच्च अदालत ने मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार गुप्ता के निलंबन की मांग खारिज कर दी और उनके कामकाज, फैसले लेने पर कोई अंतरिम रोक तक नहीं लगाई, लेकिन इतनी चेतावनी जरूर दी है कि यदि चुनाव आयोग के भीतरी फैसले अथवा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का निर्णय या अन्य महत्वपूर्ण बदलाव के फैसले सर्वसम्मति से नहीं लिए गए होंगे, तो शीर्ष अदालत उन तमाम फैसलों को रद्द भी कर सकती है। एक संवैधानिक संस्था के कामकाज और भीतरी विसंगतियों पर सर्वोच्च अदालत की यह बेहद कठोर चेतावनी है। सर्वोच्च अदालत के ही एक अन्य न्यायाधीश जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने लाखों लाख लोगों का मताधिकार छीनने को संविधान की आत्मा पर प्रहार माना है। संविधान नागरिकों के दो वर्गों की अनुमति नहीं देता। किसी भी नागरिक को, जो मतदाता रहा है, नोटिस दिए बिना और अंतिम फैसले से पहले मताधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। हमें ऐसा चुनाव आयोग नहीं चाहिए। सर्वोच्च अदालत के ही पूर्व न्यायाधीश जस्टिस नरीमन ने सवाल उठाया है कि जब करोड़ों मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से काट दिए गए और अब भी यह प्रक्रिया जारी है, तो उस दौरान सर्वोच्च न्यायालय मूकदर्शक क्यों बना रहा? संविधान और उसके अनुच्छेदों के नाम पर यह कवायद चलती रही है, तो सर्वोच्च अदालत ने अपना ठोस फैसला क्यों नहीं दिया? अर्थात चुनाव आयोग, एसआईआर और सीईसी की भूमिकाओं और उनके मद्देनजर विरोध-प्रदर्शनों को नए आयाम मिल गए हैं। अभी तक राजनीतिक विपक्ष चुनाव आयोग और मतदाता सूचियों के कथित शुद्धिकरण को वोट चोरी मानता रहा था और निरंतर आंदोलित है, लेकिन आयोग के ही दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों के बाद अब सर्वोच्च अदालत के मौजूदा और पूर्व न्यायाधीशों ने भी तीखी टिप्पणियां की हैं, तो यह मुद्दा बेहद गंभीर और संवैधानिक औचित्य का बन गया है।

रायता खूब फैलता जा रहा है। सबसे महत्वपूर्ण न्यायिक टिप्पणी यह रही है कि जिस फॉर्म 6 के साथ तकनीकी बदलाव के संदर्भ में चुनाव आयोग स्पष्टीकरण देता रहा था कि शीर्ष अदालत ने उसे उचित करार दिया था, उस पर प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कह दिया कि सर्वोच्च अदालत ने किसी भी तकनीकी बदलाव को मंजूरी नहीं दी। तो क्या चुनाव आयोग देश के सामने सफेद झूठ बोल रहा था? क्या यह न्यायिक अवमानना का मामला नहीं बनता? बहरहाल सर्वोच्च अदालत ने सिर्फ सीईसी ज्ञानेश कुमार को ही नहीं, बल्कि दोनों चुनाव आयुक्तों-सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी-समेत आयोग के संबद्ध अधिकारियों और केंद्र सरकार को नोटिस भेजे हैं। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने साफ कहा है कि मीडिया में छपी रपटों, खबरों के आधार पर काई निर्णायक कार्रवाई नहीं की जा सकती, लिहाजा अदालत ने आयुक्तों की बैठक के ब्यौरे, एजेंडे, मिनट्स, दस्तावेज, फॉर्म 6 और उसके साथ घोषणा-पत्र का फैसला करने वाले कागजात आदि तलब किए हैं। शीर्ष अदालत की न्यायिक पीठ तमाम रिकॉर्ड्स को देख-परख कर इस निष्कर्ष तक पहुंचने का प्रयास करेगी कि आयोग में फैसले एकतरफा होते रहे हैं अथवा सर्वसम्मति से लिए जाते रहे हैं।

चूंकि अब यह मामला काफी गहराई तक पहुंच चुका है और व्यापक भी हो गया है, लिहाजा शीर्ष अदालत 2023 के उस कानून की भी समीक्षा जरूर करे, जिसके जरिए सीईसी को सेवानिवृत्ति के बाद भी अभूतपूर्व, अप्रत्याशित कानूनी सुरक्षा दी गई है। ऐसा सुरक्षा-कवच देश के प्रधानमंत्री को भी नहीं दिया जाता। सिर्फ राष्ट्रपति को यह कानूनी छूट दी जाती है। क्या अब सीईसी भी राष्ट्रपति के समकक्ष हो गए हैं? बेशक सर्वोच्च अदालत इस छूट की वैधता की समीक्षा करेगी। चूंकि अब सर्वोच्च अदालत का चुनाव आयोग संबंधी विवादों में सीधा दखल हो गया है, तो विपक्ष को आंदोलन जरा शांत कर देना चाहिए। मंगलवार को इंडी गठबंधन के 19 घटक दलों के सांसदों ने संसद भवन से निर्वाचन सदन तक विरोध-मार्च निकालना तय किया था। वे चुनाव आयोग के मुख्यालय का घेराव करना चाहते थे। बेशक यह उनका संवैधानिक अधिकार है, लेकिन पुलिस और प्रशासन ने इजाजत नहीं दी है, लिहाजा टकराव की गुंजाइश बनी हुई थी। उसका विश्लेषण बाद में करेंगे। अभी तो देश के मतदाताओं को इंसाफ मिलना चाहिए। बहरहाल विपक्ष के आरोपों की जांच करके यह तय किया जाना चाहिए कि क्या कानून के विपरीत काम करके बड़ी संख्या में मतदाताओं से उनका मतदान का अधिकार छीना गया है अथवा नहीं? जब निष्पक्ष ढंग से जांच करके सत्य सामने आएगा।

मोदी जी ने प्रदेश को हमेशा दूसरा घर माना

प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम सूर्य घर योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ हिमाचल के लाखों परिवारों तक पहुंचा है। हिमाचल के जनमानस को केवल विश्वास है तो मोदी जी पर ही है, मोदी जी हिमाचल का विकास करवाएंगे



डा. राजीव बिंदल
अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश भाजपा

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन से सेवा में 7 अक्तूबर को 25 वर्ष पूर्ण हो गए हैं। 12 वर्ष गुजरात के मुख्यमंत्री के नाते व 13 वर्ष देश के प्रधानमंत्री के नाते मोदी जी ने अपने हर कार्य को सेवा के साथ जोड़ा और सत्ता को सेवा का मार्ग बनाया। हिमाचल की आर्थिक कठिनाइयों में सबसे बड़ा योगदान मोदी जी ने दिया है। हिमाचल प्रदेश को केंद्रीय योजनाओं में विशेष दर्जा देने का काम नरेन्द्र मोदी जी ने किया। वर्ष 2016 में मोदी सरकार ने केंद्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं में हिमाचल प्रदेश का 10 प्रतिशत और केंद्र का 90 प्रतिशत व्यय करने का प्रावधान किया, जिससे विगत 11 वर्षों में हजारों करोड़ रुपए का लाभ हिमाचल प्रदेश को हुआ है और निरंतर हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमेशा हिमाचल प्रदेश को अपना दूसरा घर माना है। संघ प्रचारक के रूप में हिमाचल में अपने प्रवास के दौरान उन्होंने यहां के लोगों को करीब से देखा, उनकी भावनाओं को समझा और पहाड़ों में रहने वाले लोगों की आवश्यकताओं को अनुभव किया। हिमाचल के प्रति यही आत्मीयता और वर्षों का अनुभव आज उनके निर्णयों में दिखाई देता है। हिमाचल के विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता बेहतर कनेक्टिविटी है।

मटौर से मंडी फोरलेन, कैथलीघाट से ढली फोरलेन, कीरतपुर-मनाली फोरलेन, परवाणू-सोलन-कैथलीघाट फोरलेन और पठानकोट-मंडी फोरलेन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं ने प्रदेश की सडक कनेक्टिविटी को नई दिशा दी है। यह सब नरेन्द्र मोदी जी की देन है। रोहतांग अटल टनल के निर्माण से देश की सुरक्षा मजबूत हुई और चीन सीमा तक 12 मासी सडकों का निर्माण हुआ। इसी प्रकार लेह-लद्दाख के लिए भी महत्वपूर्ण टनल का निर्माण किया जा रहा है। इससे सामरिक दृष्टि से मजबूती मिलेगी और पर्यटन को भी भरपूर बढ़ावा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना सहित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं ने गांवों तक सडक संपर्क पहुंचाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नरेन्द्र मोदी सरकार में स्वास्थ्य सेवाओं की बात करें तो एम्स बिलासपुर हिमाचल की स्वास्थ्य व्यवस्था में एक बड़ा परिवर्तन है। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रदेश में उपलब्ध होना उन परिवारों के लिए बड़ी राहत है जिन्हें गंभीर उपचार के लिए पहले प्रदेश से बाहर जाना पड़ता था। इसी प्रकार नाहन मेडिकल कॉलेज, हमीरपुर मेडिकल कॉलेज और चंबा मेडिकल कॉलेज के लिए 750 करोड़ रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाना भी विशेष उपलब्धि है। इसके अलावा आयुष्मान भारत और हिमकेयर के माध्यम से हर घर में निःशुल्क उपचार सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। बल्क ड्रग पार्क ऊना और मेडिकल डिवाइस पार्क नालागढ़ जैसी परियोजनाएं स्वास्थ्य के साथ-साथ उद्योग और रोजगार के नए अवसरों की संभावनाएं भी लेकर आई हैं। किसी भी प्रदेश का भविष्य उसके युवाओं से तय होता है। आईआईएम सिरमौर और आईआईआईटी ऊना जैसे राष्ट्रीय स्तर के संस्थानों ने हिमाचल के युवाओं के लिए शिक्षा, तकनीक, अनुसंधान और प्रबंधन के नए द्वार खोले हैं। यह केवल संस्थानों का निर्माण नहीं है, बल्कि हिमाचल के युवाओं को अपने ही प्रदेश में बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने का अवसर देना है।

ब्रिटिश शासन काल में नैरोगेज रेल लाइन वर्ष 1905 में हिमाचल में बनाई गई। आजादी के बाद यह रेल लाइन इंचों से बढ़ी, परंतु मोदी राज में वंदे भारत के पहुंचने से हिमाचल भी रेल के नक्शे पर खड़ा हुआ। रेल लाइन का बिलासपुर तक पहुंच जाना, गोविंद सागर पर एक ओर से दूसरी ओर कई-कई किलोमीटर लंबे पुल और टनल बनाकर बिलासपुर में रेल लाइन पहुंचा देना, यह अजूबा तो मोदी जी ही कर सकते हैं। हिमाचल की अर्थव्यवस्था में उद्योगों की भूमिका लगातार बढ़ रही है। बल्क ड्रग पार्क ऊना और मेडिकल डिवाइस पार्क नालागढ़ जैसी परियोजनाएं प्रदेश को फार्मा और मेडिकल क्षेत्र में महत्वपूर्ण केंद्र बनाने की क्षमता रखती हैं। इन परियोजनाओं का सबसे बड़ा पक्ष है हिमाचल के युवाओं के लिए रोजगार और प्रदेश में नए निवेश की संभावनाएं।

हिमाचल देश की जलविद्युत क्षमता का महत्वपूर्ण केंद्र है। केंद्र सरकार के सहयोग से इस क्षेत्र की क्षमता को आगे बढ़ाने के प्रयास लगातार हुए हैं। नरेन्द्र मोदी सरकार में दशकों से लटकी रेणुका बांध परियोजना और किशाऊ बांध परियोजना जलविद्युत के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हैं। लगभग 15624 करोड़ रुपए की किशाऊ बांध परियोजना में 12090 करोड़ रुपए केंद्र की मोदी सरकार दे रही है। इसी प्रकार पाकिस्तान का पानी रोकना, चंद्रभागा के पानी को टनल के माध्यम से जोडकर ब्यास-सतलुज में मिलाने, लाखों एकड़ भूमि की सिंचाई तथा विद्युत उत्पादन में क्रांति की योजना बनाना- यह केवल मोदी जी ही कर सकते हैं। इससे प्रदेश में लाखों रोजगार सृजित होंगे, अरबों रुपए का निवेश होगा और हिमाचल जल्द ही आत्मनिर्भर होगा। हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता, धार्मिक विरासत और समृद्ध संस्कृति उसकी सबसे बड़ी ताकत हैं।

नरेन्द्र मोदी जी द्वारा हिमाचल को देश व विश्व में पहचान दिलाना, हिमाचली टोपी, चंबा का रूमाल, चंबा का थाल और हिमाचली व्यंजनों को पहचान दिलाना, यह सब हिमाचल की आन-बान-शान के प्रतीक होने के साथ-साथ रोजगार के विस्तार का माध्यम भी हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और पीएम सूर्य घर योजना जैसी केंद्रीय योजनाओं का लाभ हिमाचल के लाखों परिवारों तक पहुंचा है। हिमाचल के जनमानस को केवल विश्वास है तो मोदी जी पर ही है, मोदी जी हिमाचल का विकास करवाएंगे, हिमाचल के जनमानस का भरोसा मोदी जी पर है। उनके नेतृत्व में हिमाचल आगे बढ़ रहा है।

नसीरुद्दीन शाह बनाम पीयूष मिश्रा

सवाल, शब्दों के वाण और बेबाकी

राजेश शांडिल्य

विवाद की शुरूआत तब हुई थी जब नसीरुद्दीन शाह ने छात्र आंदोलन के मुद्दे पर बॉलीवुड के बड़े सितारों की चुप्पी पर सवाल खड़ा कर दिया था। उनके विचार से मेल खाने वाले एक न्यूज डिजिटल प्लेटफार्म से बातचीत में उन्होंने कहा था कि सेलेब्रिटीज तब बोलेंगे जब उनका जमीर उनसे ऐसा करने को कहेगा। एक कहावत है कि जिस कुत्ते के मुंह में हड्डी हो, वह भौंक नहीं सकता। जैसे ही हड्डी उसके मुंह से गिरेगी या उसके दांत टूटेंगे, तब वह भौंकेगा।

एनएसडी के दौर से अपने बेबाक अंदाज और धमाकेदार अभिनय के लिए पहचाने जाने वाले पीयूष मिश्रा की एक किताब का नाम है- तुम्हारी औकात क्या है, पीयूष मिश्रा। वहीं, अस्सी के दशक में नसीरुद्दीन शाह की चर्चित फिल्म आई थी- अल्बर्ट पिंटो को गुस्सा क्यों आता है। संयोग देखिए, आज दोनों कलाकारों के बीच चल रहे शब्द बाणों में जैसे इन दोनों शीर्षकों की झलक दिखाई दे रही है। एक तरफ सवाल, दूसरी तरफ गुस्सा और बीच में है बेबाकी की अपनी-अपनी कसौटी।

नसीरुद्दीन शाह और पीयूष मिश्रा दोनों ऐसे कलाकार हैं, जिनकी पहचान सिर्फ अभिनय से नहीं बल्कि बेबाक राय और तीखी भाषा शैली से भी बनी है। खैर, दोनों के बीच 2026 में शुरू हुआ सार्वजनिक जुबानी टकराव दिलचस्प सवालों का हिस्सा बन चुका है। पीयूष मिश्रा के धोबी पछाड़ से फिलहाल नसीर चित दिख रहे हैं। इस बीच चर्चा यह हो रही है कि दूसरों की चुप्पी पर सवाल उठाने वाला व्यक्ति जब खुद सवालों के घेरे में आए तो उसकी अपनी कसौटी क्या होगी?

विवाद की शुरूआत तब हुई थी जब नसीरुद्दीन शाह ने छात्र आंदोलन के मुद्दे पर बॉलीवुड के बड़े सितारों की चुप्पी पर सवाल खड़ा कर दिया था। उनके विचार से मेल खाने वाले एक न्यूज डिजिटल प्लेटफार्म से बातचीत में उन्होंने कहा था कि सेलेब्रिटीज तब बोलेंगे जब उनका जमीर उनसे ऐसा करने को कहेगा। एक कहावत है कि जिस कुत्ते के मुंह में हड्डी हो, वह भौंक नहीं सकता। जैसे ही हड्डी उसके मुंह से गिरेगी या उसके दांत टूटेंगे, तब वह भौंकेगा।

यह टिप्पणी यहीं खत्म नहीं हुई। झारखंड के छात्र आंदोलन में पहुंचे पीयूष मिश्रा ने उसी रूपक को लपका था। पीयूष मिश्रा ने नसीरुद्दीन शाह से पलटकर सवाल किया था, नसीर साहब आपने कहा था कि जिनके मुंह में हड्डी होती है, वे बोल नहीं सकते, अब मैं पूछ रहा हूं कि वे दूसरे कुत्ते कौन हैं, जो चुप हैं? यहीं से मामला सिर्फ दो अभिनेताओं की नोकझोंक से आगे बढ़ता हुआ मुखरता की कसौटी पर बहस का मुद्दा बन गया। मिश्रा ने सवाल उठाया कि यदि नसीरुद्दीन शाह छात्र आंदोलनों और राजनीतिक घटनाओं पर बॉलीवुड की चुप्पी को लेकर इतने मुखर हैं तो क्या उनकी अपनी आवाज भी हर ऐसे मुद्दे पर समान रूप से सुनाई देती है?



उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से तर्कसंगत सवाल पूछा कि कैप्टन स्मित मच्छार की बहादुरी पर मौनधारण क्यों? मच्छार ने फ्लाई दुबई की उड़ान में सह-पायलट के हमले के बावजूद कॉकपिट का नियंत्रण बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 174 यात्रियों की जान बचाने में योगदान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू सहित दुनियाभर में स्मित मछार की बहादुरी को सराहा जा रहा है। 5 अक्टूबर को मिश्रा ने नसीरुद्दीन शाह पर फिर तीखा हमला किया। उन्होंने नसीरुद्दीन शाह की मुंबई में सीजेपी प्रदर्शन के दौरान एक कार्यकर्ता से मुलाकात का उल्लेख करते हुए पूछा कि स्मित मच्छार की बहादुरी पर भी कुछ कहिए। साथ ही उन्होंने पंजाब की लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी से जुड़े छात्र घटनाक्रम और झारखंड के छात्र आंदोलन के मुद्दे पर पर भी नसीरुद्दीन पर सवाल उठाए। हालांकि सबसे व्यक्तिगत और तीखा हिस्सा झारखंड को लेकर था। मिश्रा का दावा है कि उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से वहां के छात्रों के लिए मदद मांगी थी लेकिन नसीरुद्दीन शाह की ओर से उन्हें एक पाकिस्तानी शायरा की नज्म मिली। मिश्रा ने कहा कि वहां कविता नहीं बल्कि आटा, दाल, रोटी, गुड़, लिट्टी-चोखा जैसी वास्तविक मदद की जरूरत थी।

मिश्रा का दावा है कि नसीर की ओर से इसका सार्वजनिक जवाब सामने नहीं आया है। और फिर आया वह वाक्य जिसने इस पूरे विवाद को अगला मोड़ दे दिया। पीयूष मिश्रा ने कहा कि अब जब भी आप (नसीरुद्दीन शाह) कोई बयान देंगे, आपको पीयूष मिश्रा का जवाब मिलेगा। यानी नसीरुद्दीन शाह ने जिस हड्डी के जरिए दूसरों की चुप्पी पर व्यंग्य कसे थे, मिश्रा ने उसी हड्डी को उठाकर सवाल उनके सामने परोस दिया। पीयूष ने नसीर के शब्दों को ही उनके सामने सवाल बनाकर रख दिया है।

यही सवाल नसीरुद्दीन शाह की सार्वजनिक छवि पर भी लागू होता है। वे एक बड़े अभिनेता हैं, उनकी राजनीतिक-सामाजिक राय रखने की स्वतंत्रता पर सवाल नहीं है लेकिन जब वे दूसरे कलाकारों की चुप्पी पर टिप्पणी करते हैं, तब उनकी अपनी मुखरता भी स्वाभाविक रूप से जांची जाएगी। राजेश खन्ना, फरहान अख्तर और अनुपम खेर पर की गई टीका-टिप्पणी भारतीय सिने प्रेमी और विशेषकर इन कलाकारों के प्रशंसक शायद भूले नहीं होंगे। ऐसे में नसीरुद्दीन शाह को भारतीय सिनेमा की 100 वर्षों से अधिक की यात्रा में कौन-कौन सी सिनेमाई हस्तियां उनके मानदंड से योग्य और अयोग्य हैं, उनकी सूची जारी कर देनी चाहिये। उनकी कसौटी पर कौन उत्कृष्ट, कौन औसत और क्यों, तब नसीरुद्दीन शाह की यह कसौटी भारतीय सिनेमा में अभिनय मूल्यांकन की अलग नजीर के रूप में दर्ज हो सकती है। वर्ना उनकी तमाम टिप्पणियां पक्ष विशेष की मुखरता की श्रेणी में दर्ज होती रहेंगी।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

भोपाल में 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' 12 से 18 अक्टूबर तक, 10 से अधिक कला

साहित्य विधाओं में प्रदर्शित होंगे श्रीरामकथा के प्रसंग, 5 से अधिक देशों के विद्वान होंगे शामिल

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

भारत की सांस्कृतिक परंपरा में भगवान श्रीराम के जीवन-चरित्र और उनके आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने की सुदीर्घ एवं समृद्ध परंपरा रही है। श्रीराम के जीवन के विविध प्रसंगों यथा जन्म, बाल लीलाओं, वनगमन, सीता हरण, हनुमान भक्ति, लंका विजय और अयोध्या वापसी को अभिनय, संवाद, संगीत, गायन एवं आकर्षक वेशभूषा के माध्यम से मंच पर जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाता रहा है। लोकजीवन में विकसित इस अनूठी नाट्य परंपरा को 'श्रीरामलीला' के नाम से जाना जाता है। मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला सुप्रतिष्ठित 'अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव' इस वर्ष भी 12 से 18 अक्टूबर, 2026 तक रवीन्द्र भवन, भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित यह उत्सव श्रीरामकथा के विविध प्रसंगों को बहु कलाओं के माध्यम से प्रदर्शित किए जाने का शाश्वत प्रयास है। साथ ही श्रीरामलीला उत्सव का आयोजन 11 से 13 अक्टूबर, 2026 तक श्रीराम राजा मंदिर परिसर, ओरछा (जिला - निवाड़ी) एवं 13 से 19 अक्टूबर, 2026 तक राघव प्रयाग घाट, चित्रकूट में भी किया जा रहा है। माननीय संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बुधवार को रवींद्र भवन में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव इस वर्ष न सिर्फ लीला प्रदर्शन तक सीमित रहेगा, बल्कि विविध कला विधाओं के माध्यम से



श्रीरामकथा प्रसंगों को प्रदर्शित करेगा। इसमें लीला प्रदर्शन के साथ ही बौद्धिक सत्र, स्टोरी टेलिंग सेशन, प्रदर्शिनियां, कला शिविर, कला कार्यशाला, कठपुतली प्रदर्शन, भजन जैमिंग केन्द्रित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र - नई दिल्ली, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र - नागपुर एवं भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद्, नई दिल्ली का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि भोपाल में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव का शुभारंभ 12 अक्टूबर, 2026 को सायं 7 बजे मुक्ताकाश मंच, रवीन्द्र भवन में होगा। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। साथ ही प्रबुद्ध विचारक डॉ. इंद्रेश कुमार, माननीय संस्कृति मंत्री श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी एवं संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली की अध्यक्ष डॉ. संध्या पुरेचा भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। संचालक, संस्कृति एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, श्रीरामचंद्र पथ गमन न्यास श्री एन.पी. नामदेव ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नवदुर्गा उत्सव के दौरान अंतरराष्ट्रीय श्रीरामलीला उत्सव के माध्यम से यह प्रयास है कि धार्मिक उत्सवों के अवसर पर भारतीय परंपराओं, संस्कृति और जीवन-मूल्यों का लोकव्यापीकरण हो एवं इनकी समृद्ध विरासत को आमजन, विशेष रूप से युवा पीढ़ी तक विविध सांस्कृतिक स्वरूपों में पहुंचाया जा सके। हमारे उत्सव केवल धार्मिक आस्था के अवसर न रहकर भारतीय संस्कृति, लोक परंपराओं, कला-विधाओं और जीवन-दृष्टि के जीवंत संवाहक बनें, यही इस आयोजन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और गौरवशाली परंपराओं से जोड़ते हुए उनमें निहित मूल्यों का आत्मसात कराया जा सकता है। यह लोकव्यापीकरण हमारी सांस्कृतिक विरासत को केवल वर्तमान पीढ़ी तक सीमित रखने के बजाय उसे भावी पीढ़ियों तक जीवंत रूप में पहुंचाने का माध्यम बनेगा।

मंत्री सारंग भोपाल जिले के मुख्य कार्यक्रम में हुए शामिल

प्रधानमंत्री ने विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से देशवासियों से किया वर्चुअल संवाद

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

विकसित भारत के संकल्प को नई ऊर्जा, नई दिशा और जनभागीदारी का व्यापक स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विकसित भारत संकल्प सभा के माध्यम से देशवासियों से वर्चुअल संवाद किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत देशभर में विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का आयोजन किया गया। प्रदेश में भी विकसित भारत के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा विकसित भारत संकल्प सभा (सेवा ज्योति यात्रा) के प्रदेश प्रभारी श्री विश्वास कैलाश सारंग के नेतृत्व में प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में



व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। भोपाल जिले का मुख्य कार्यक्रम रवींद्र भवन में आयोजित किया गया, जिसमें उप-मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, मंत्री सांसद श्री आलोक शर्मा, विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवानदास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय सहित जिले के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। सभी ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के उद्बोधन को वर्चुअल माध्यम से सुना। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण की भावना को और अधिक मजबूत करने का अवसर है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग को विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल सरकार का लक्ष्य नहीं बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक के संकल्प, सहभागिता और सामूहिक प्रयास का परिणाम होगा। सेवा ज्योति यात्रा इसी भावना का प्रतीक है, जिसके माध्यम से सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण का संदेश समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। रवींद्र भवन में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा में प्रधानमंत्री श्री मोदी के वर्चुअल संवाद के बाद भोपाल जिले में सेवा ज्योति यात्रा का अगला चरण प्रारंभ हुआ। मुख्य कार्यक्रम स्थल से विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के लिए सेवा ज्योति यात्रा के रूप में मशाल यात्रा निकाली गई। मशाल जुलूस के माध्यम से सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प का संदेश प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र और बूथ तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक इसमें सहभागिता की। हर वर्ग की रही सहभागिता मंत्री सारंग ने बताया कि सेवा ज्योति यात्रा को लेकर समाज के विभिन्न वर्गों में उत्साह देखने को मिला।

प्रदेश के प्रत्येक बूथ से जिला केंद्र तक पहुंची सेवा ज्योति यात्रा

मंत्री श्री सारंग ने बताया कि प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं ने प्रत्येक बूथ से जनता के साथ संवाद करते हुए सेवा ज्योति यात्रा के रूप में जिला केंद्रों की ओर प्रस्थान किया। यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों ने सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि भोपाल जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के विभिन्न बूथों से सेवा ज्योति यात्राएं प्रारंभ हुईं। इन यात्राओं में कार्यकर्ताओं के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के नागरिकों ने सहभागिता की। विभिन्न क्षेत्रों से निकलकर सेवा ज्योति यात्राएं रवींद्र भवन स्थित मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं।

काष्ठ के अवैध परिवहन के विरुद्ध वन विभाग की कार्रवाई की गई

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



प्रदेश में प्राकृतिक वन संपदा के संरक्षण एवं अवैध व्यापार पर कड़ा अंकुश लगाने के ध्येय से वन विभाग द्वारा एक अत्यंत प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई निष्पादित की गई है। 18 मई 2026 को इंदौर वन मंडल के गश्ती दल द्वारा क्षेत्र में नियमित गश्त एवं जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोककर निरीक्षण किया गया। वाहन में भारी मात्रा में अवैध रूप से ले जाई जा रही काष्ठ पाई गई। विभाग द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए 19 मई 2026 को संबंधितों के विरुद्ध वन अपराध क्रमांक 628/17 दर्ज कर वैधानिक विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की प्राथमिक जांच में यह तथ्य उजागर हुआ कि महाराष्ट्र राज्य से काष्ठ परिवहन के नाम पर जारी कथित अनापत्ति प्रमाण पत्र दुरुपयोग मध्य प्रदेश की राज्य सीमाओं के भीतर अवैध लकड़ी के परिवहन के लिए किया जा रहा था। इस अंतरराज्यीय कूटचरित प्रणाली की जांच करने के लिए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (संरक्षण) श्री अमित कुमार दुबे के कुशल मार्गदर्शन तथा उप वन संरक्षक (संरक्षण) श्री श्रेयस श्रीवास्तव एवं श्री जितेंद्र गुप्ता के प्रत्यक्ष निर्देशन में राज्य स्तरीय उड़न दस्ता दल (संरक्षण) द्वारा विस्तृत एवं सूक्ष्म जांच संचालित की गई। जांच के दौरान प्रकाश में आया कि अरमान (निवासी बैरासिया, मध्य प्रदेश) तथा नईम शेख (निवासी जलगांव, महाराष्ट्र) द्वारा सुनियोजित एवं संगठित तंत्र के माध्यम से महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना आदि राज्यों की एनओसी तैयार करवाई जाती थी। इन दस्तावेजों के साथ मध्य प्रदेश के भीतर काष्ठ का अवैध परिवहन संचालित किया जा रहा था। वन विभाग के जांच दल द्वारा तत्परता दिखाते हुए प्रकरण के मुख्य आरोपी अरमान (निवासी बैरासिया) को गिरफ्तार कर लिया गया है। हिरासत में लिए गए आरोपी ने पूछताछ के दौरान अपने आपराधिक कृत्य को स्वीकार किया है। वन विभाग द्वारा मामले में अग्रिम वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई प्रचलित है।

भोपाल में 15 जनवरी को आयोजित होगी आर्मी डे परेड, कलेक्टर ने ली अंतर-विभागीय बैठक

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

राजधानी भोपाल में आगामी 15 जनवरी 2027 को आयोजित होने वाली भव्य 'आर्मी डे परेड' के सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं समयबद्ध आयोजन के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय समन्वय एवं समीक्षा बैठक की गई । बैठक में आयोजन से संबंधित समस्त दायित्वों के स्पष्ट विभाजन, अंतर-विभागीय समन्वय और समय-सीमा में कार्य निष्पादन की कार्ययोजना पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा ने समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि आर्मी डे परेड अत्यंत प्रतिष्ठापूर्ण राष्ट्रीय आयोजन है, अतः इससे जुड़ी सभी तैयारियां उच्च मानकों के अनुरूप पूर्ण की जाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आयोजन से संबंधित प्रत्येक कार्य की सूक्ष्म मैपिंग कर संबंधित विभागों को दायित्व सौंपे जाएं, ताकि कोई भी कार्य अनमैप्ड न रहे।



इसके साथ ही, कार्यों के आवंटन में किसी भी प्रकार के दोहरेपन को रोकने के लिए विभागवार जिम्मेदारियों को पूरी स्पष्टता के साथ रेखांकित किया गया है। बैठक में तय कार्य-विभाजन के अनुसार परेड मार्ग एवं मुख्य व्यवस्थाओं के अंतर्गत कालीबाड़ी मार्ग के पुनरुद्धार, सीटिंग अरेंजमेंट, दर्शक व्यवस्था और सिविल वर्क्स के कार्य नगर निगम भोपाल एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा आपसी समन्वय से संयुक्त रूप से संपादित किए जाएंगे। सांस्कृतिक आयोजनों और झांकियों से संबंधित व्यवस्थाएं 'माध्यम' तथा संस्कृति विभाग द्वारा संयुक्त रूप से पूर्ण की जाएंगी। कलेक्टर श्री मिश्रा ने समस्त संबंधित नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन के लिए आवश्यक सभी टेंडर समय-सीमा में अनिवार्य रूप से जारी किए जाएं। आयोजन के प्रत्येक कार्यक्रम के सुचारु संचालन हेतु विशिष्ट वर्किंग ग्रुप्स का गठन कर दिया गया है। सभी गठित वर्किंग ग्रुप्स 7 दिनों के भीतर प्रगति रिपोर्ट के साथ पुनः समीक्षा बैठक में उपस्थित रहेंगे।

किरण प्रजापति ने वन्यजीवों से संबंधित सभी 10 प्रश्नों के सही उत्तर देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

वन्यजीव सप्ताह में किरण प्रजापति को मिला वाइल्डलाइफ पासपोर्ट

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**



वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत भोपाल स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में विद्यार्थियों और पर्यटकों के लिए विभिन्न जागरूकता एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में वन्यजीवों और पर्यावरण से संबंधित ज्ञान को परखने के लिए प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रश्नोत्तरी में किरण प्रजापति ने वन्यजीवों से संबंधित पूछे गए सभी 10 प्रश्नों के सही उत्तर देकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पुरस्कार स्वरूप वाइल्डलाइफ पासपोर्ट प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों और प्रतिभागियों को वन अधिकारियों की कार्यप्रणाली, वन संरक्षण की आवश्यकता, वन्यजीव प्रबंधन तथा प्राकृतिक संसाधनों के महत्व की जानकारी दी गई। विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से वन्यजीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रकृति संरक्षण के लिए जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया। किरण प्रजापति की इस उपलब्धि ने यह संदेश दिया कि वन्यजीवों के बारे में जानकारी केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रकृति और उसके संरक्षण के प्रति हमारी समझ और संवेदनशीलता का भी हिस्सा है। वन्यजीव सप्ताह के दौरान आयोजित ऐसी गतिविधियां मनोरंजन के साथ सीखने का अवसर प्रदान कर रही हैं और लोगों, विशेषकर विद्यार्थियों में वन्यजीव संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

दुष्यंत संग्रहालय की बैठक में मनोज मीक को समन्वय की जिम्मेदारी

भोपाल 2047 में साहित्य-कला की जगहः संस्थाएं तैयार करेंगी संयुक्त प्रतिवेदन

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल**

शहर की साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाएं भोपाल विकास योजना 2047 के प्रारूप पर अपनी जरूरतों का संयुक्त प्रतिवेदन तैयार करेंगी। दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के सभागार में हुई बैठक र में तय किया गया कि प्रत्येक संस्था अपना अलग लिखित सुझाव-आपत्ति पत्र देगी। इन्हें 'कमाल का भोपाल' के शोध-आधारित सुझावों के साथ जोड़कर शासन के समक्ष प्रस्तुत करने की तैयारी की जाएगी।गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर संपन्न बैठक-विवरण के अनुसार, वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. देवेंद्र दीपक ने संस्थाओं का ध्यान प्रारूप पर अपनी बात रखने के अवसर की ओर दिलाया था। बैठक में



भवन, सभागार, साहित्यकारों की आवास संबंधी आवश्यकताओं और रंगमंच सहित सुविधाओं पर चर्चा हुई। संयुक्त प्रतिवेदन तैयार कराने का समन्वय संग्रहालय के उपाध्यक्ष, साहित्यकार और क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक को सौंपा गया। मीक ने बताया कि संबंधित संस्थाओं से अपनी कठिनाइयां और आवश्यकताएं लिखित रूप में भेजने का आग्रह किया गया है। उद्देश्य संस्थाओं के कला-संस्कृति संबंधी अनुभवों को शहरी नियोजन के अध्ययन से जोड़ना है, ताकि उनके सुझाव केवल मांगों



की सूची न रहें, बल्कि संबंधित योजना-प्रावधानों और क्रियान्वयन की जरूरतों के साथ सामने रखे जा सकें। बैठक में साहित्य अकादमी के निदेशक एवं हिंदी भवन के मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे, संग्रहालय अध्यक्ष रामराव वामनकर, सचिव करुणा राजुरकर, बाल कल्याण एवं बाल साहित्य शोध केंद्र के निदेशक महेश सक्सेना और रामायण शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने सुझाव रखे। मध्यप्रदेश लेखक संघ के अध्यक्ष राजेंद्र गट्टानी, लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े, बैंकर्स साहित्य एवं कला परिषद के अध्यक्ष गोकुल सोनी और वरिष्ठ नागरिक काव्य मंच की अध्यक्ष जया आर्य ने भी अपने सुझाव रखे। दुष्यंत संग्रहालय, मध्यप्रदेश लेखक संघ, बैंकर्स साहित्य एवं कला परिषद और लेखिका संघ, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, मप्र उर्दू अकादमी आदि के प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए। पहली मांग साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए अलग चिह्नित क्षेत्र की है, जहां संस्थाओं के कार्यालय, सभागार, पुस्तकालय और वाचनालय के लिए स्थान उपलब्ध हो। दूसरी मांग प्रमुख क्षेत्रों और नियोजित उपनगरों में छोटे, मध्यम और बड़े बहुउद्देशीय सभागार तथा थियेटर की है। कला प्रदर्शनियों और युवा कलाकारों के कार्यक्रमों को शामिल किया है।

संक्षिप्त समाचार

हांगकांग सिक्स

भारत की 7 सदस्यीय टीम घोषित, भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे कमान

हांगकांग । हांगकांग सिक्स 2026 के लिए भारतीय टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्टार खिलाड़ियों के साथ उतरेगी। इसमें सात प्रमुख भारतीय क्रिकेटर 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक खेले जाने वाले तेजतर्रार 'सिक्स-ए-साइड' (छह खिलाड़ियों वाले) फॉर्मेट में हिस्सा लेंगे। टिन क्वांग



रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेले जाने वाली इस लीग में भारतीय टीम की कमान अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे। उनके साथ आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी क्रुणाल पांड्या, शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नितिश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन भी होंगे। भुवनेश्वर के पास अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल का कई वर्षों का अनुभव है और वे नई गेंद से असरदार प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं, जबकि क्रुणाल एक बेहतरीन ऑलराउंडर के तौर पर टीम को विविधता देते हैं।

नीली जर्सी का दबाव बेहतर प्रदर्शन करने का अवसर देता है: प्रियांश आर्य

नई दिल्ली । युवा सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने मंगलवार से ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ होने वाले वनडे मैचों की तैयारी के दौरान इंडिया ए के साथ अपने समय को याद किया। उन्होंने इंडिया 'ए' के लिए खेलने का अनुभव मजेदार बताया। उन्होंने कहा कि दबाव में शानदार प्रदर्शन का अवसर भी होता है। प्रियांश ने पिछले साल कानपुर में



ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 101 रन बनाए थे और लिस्ट ए क्रिकेट में उनके नाम पाँच और अर्धशतक हैं। आर्य ने दिल्ली में मीडिया से कहा, 'इंडिया ए के लिए खेलना बहुत मजेदार है। नीली जर्सी पहनना गर्व की बात है। मुझे पिछले साल इंडिया ए के लिए सेंचुरी बनाकर बहुत अच्छा लगा। जब आप किसी भी स्तर पर देश के लिए खेलते हैं तो आप पर थोड़ा दबाव होता है।

यूथ टेस्ट

तन्मय ने सिर्फ 32 रन देकर झटके 6 विकेट, ऑस्ट्रेलियाई पारी 174 रन पर ढेर

अहमदाबाद। भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच सोमवार से टेस्ट सीरीज के दूसरे और अंतिम अनौपचारिक मैच की शुरुआत हो गई है। नरेंद्र मोदी स्टेडियम में जारी इस मुकाबले के पहले दिन ऑस्ट्रेलिया को 174 रन पर समेटने के बाद



भारत ने 2 विकेट खोकर 38 रन बना लिए हैं। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 73 ओवरों का सामना कर सकी। इस टीम ने महज 7 के स्कोर पर कप्तान मैथ्यू लॉफ (5) का विकेट गंवा दिया था, जिसके बाद नील पटेल ने मोर्चा संभाला। नील ने हेडन बारबुलोविक के साथ दूसरे विकेट के लिए 21 रन, जबकि एली ब्रेन के साथ तीसरे विकेट के लिए 22 रन जोड़कर टीम को 50 के स्कोर तक पहुंचाया। हेडन ने टीम के खाते में 8 रन का योगदान दिया, जबकि एली 4 रन बनाकर आउट हुए।

हरमन ने छोड़ी कप्तानी

कहा—बतौर खिलाड़ी सफर जारी रहेगा



नई दिल्ली । अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को वनडे विश्व कप 2025 का चैंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ दी है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक लंबे पोस्ट के माध्यम से हरमन ने टीम की कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया। बतौर खिलाड़ी वह उपलब्ध रहेंगी। हरमनप्रीत कौर ने कप्तानी छोड़ने का फैसला उपकप्तान स्मृति मंधाना, हेड कोच अमोल मजूमदार और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया के साथ हुई बैठक के बाद लिया। स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में हरमनप्रीत की जगह महिला टीम की नई कप्तान बन सकती हैं। हरमनप्रीत ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज, मैं सभी फॉर्मेट में इंडियन विमेंस क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह कोई आसान फैसला नहीं है। इसमें वर्षों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल हैं, जो मेरी बाकी जिंदगी मेरे साथ रहेंगे।'

उन्होंने लिखा, 'मैंने इस टीम और इंडियन विमेंस क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया है – अपना खून, अपना पसीना, अपना समय, और कई बार, अपने खेल और पर्सनल एम्बिशन का एक हिस्सा। ऐसे पल भी आए, जब मुझे अपने निजी प्रदर्शन, अपना विकास और अपने लिए जो मैं चाहती थी, उसे एक तरफ रखना पड़ा, क्योंकि मेरा मानना था कि टीम को पहले रखना चाहिए।'

हरमन ने लिखा, 'एक कप्तान के तौर पर, मुझे मुश्किल फैसले लेने पड़े हैं। ऐसे फैसले जो हमेशा समझ में नहीं आते थे, हमेशा आसान नहीं होते थे, और कभी-कभी पर्सनल कीमत चुकानी पड़ती थी। लेकिन मैंने जो भी फैसला लिया, उसका मकसद– इस टीम को बेहतर बनाना और दूसरे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने, खुद पर विश्वास करने और खुद का बेस्ट वर्जन बनने का मौका देना था।' दिग्गज खिलाड़ी ने लिखा, 'मैंने सब कुछ देखा है। मैंने सबसे बुरे पल, दिल टूटना, बुराई, शक और वे दिन देखे हैं, जब कुछ भी हमारे हिसाब से नहीं होता था। और मैंने सबसे ऊँचे मुकाम भी देखे हैं–जीत, जश्न, अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का गर्व, और वे पल जब हर कुर्बानी सार्थक लगी। आज मैं भावनाओं से भरे दिल के साथ, लेकिन शांति के साथ कप्तानी छोड़ रही हूं।'

उन्होंने लिखा, 'मुझे सच में विश्वास है कि मेरी टीम अच्छी जगह पर है। एक ऐसी टीम, जिसमें टैलेंट, कैरेक्टर, विश्वास और भविष्य है, जिसे देखने और जिसका हिस्सा बनने के लिए मैं बहुत उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि मैंने अपना फर्ज निभाया है। मैंने इस टीम को अपना सब कुछ दिया।

विश्व कप, एशियन गेम्स गोल्ड, एशिया कप, कॉमनवेल्थ



हरमनप्रीत की कप्तानी में महिला क्रिकेट टीम ने देखा सफलता का ऐतिहासिक दौर

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के इतिहास के एक स्वर्णिम अध्याय का मंगलवार को अंत हो गया। अपनी कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम को सफलता की नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाली हरमनप्रीत कौर ने अपना पद छोड़ दिया है। 37 साल की हरमन ने सोशल मीडिया पर महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की। बतौर खिलाड़ी वह सक्रिय रहेंगी। हरमनप्रीत कौर भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सफलतम कप्तान हैं। हरमनप्रीत के कप्तान बनने से पहले भारतीय टीम देश में विदेश में बड़ी टीमों को चुनौती तो देती, लेकिन जीत से दूर रह जाती थी। 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनने के बाद हरमन ने टीम की दशा और दिशा दोनों बदल दी। अपनी 10 साल की कप्तानी में हरमन ने भारतीय टीम को न सिर्फ अलग-अलग वैश्विक मंचों पर चैंपियन बनाया, बल्कि टीम को एक मजबूत और सशक्त ताकत के रूप में स्थापित किया। 37 साल की हरमनप्रीत 2016 में पूर्णकालिक कप्तान बनीं। उनकी कप्तानी में भारतीय महिला टीम ने अपना पहला आईसीसी इवेंट (वनडे विश्व कप 2025) जीता था। फाइनल में भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को हराया था। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 4 बार एशिया कप (2012, 2016, 2022 और 2026) जीता। 2012 में वह अस्थायी कप्तान थीं। हरमन की कप्तानी में भारतीय महिला टीम हांगझोऊ एशियन गेम्स 2023 और आइची-नागोया एशियन गेम्स में लगातार 2 बार गोल्ड मेडल जीता। कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में भारतीय टीम ने हरमन की कप्तानी में ही सिल्वर मेडल जीता था।
हाल ही में लॉर्ड्स में महिलाओं का पहला टेस्ट खेला गया था। हरमन की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने घरेलू टीम इंग्लैंड को हराकर इतिहास रचा था। पिछले 10 वर्ष की अवधि में हरमनप्रीत कौर ने भारतीय टीम को पांच टेस्ट, 51 वनडे और 155 टी20 में लीड किया। हरमनप्रीत कौर के बाद उपकप्तान स्मृति मंधाना तीनों फॉर्मेट में महिला क्रिकेट टीम की नई कप्तान हो सकती हैं।

टीपीएल सीजन 8: बोपन्ना, बुरुचागा, हिजिकाता मार्की लाइन-अप में शामिल

मुंबई । टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और इंटरनेशनल स्टार रोमन बुरुचागा, रिंकी हिजिकाता और टेरेंस एटमाने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के आठवें सीजन के मार्की प्लेयर लाइन-अप में शामिल होंगे। नीलामी 12 अक्टूबर को मुंबई में होगी। आठ फ्रेंचाइजी नीलामी में अपने-अपने मार्की प्लेयर्स के आस-पास अपनी टीम बनाएंगी। बोपन्ना, जो गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे, मार्की लाइन-अप को लीड करेंगे। 46 साल के पूर्व वर्ल्ड नंबर 1 पुरुष डबल्स में दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन हैं। बोपन्ना ने 2017 फ्रेंच ओपन मिक्स्ड डबल्स टाइटल और 2024 ऑस्ट्रेलियन ओपन पुरुष डबल्स का खिताब जीता है।



पद्मश्री और अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित बोपन्ना ने कहा, 'मैं टीपीएल में वापस आने का सच में इंतजार कर रहा हूं। हर साल, लीग और मजबूत होती जा रही है, और मुझे टीम का माहौल और इस फॉर्मेट से मिलने वाली ऊर्जा बहुत पसंद है।'

उन्होंने कहा, 'इस साल, कॉम्पिटिशन बहुत कड़ा होगा, जिसमें अनुभवी खिलाड़ियों और युवा भारतीय टैलेंट का शानदार मिश्रण होगा। हैदराबाद का टेनिस के साथ हमेशा से एक मजबूत कनेक्शन रहा है, इसलिए मुझे यकीन है कि माहौल इसे और भी खास बना देगा। मैं कॉम्पिटिशन करने, अनुभव का आनंद लेने और कोर्ट पर वापस आने के लिए उत्साहित हूं।'

अर्जेंटीना के रोमन बुरुचागा, जो कोलकाता थंडर ब्लेड्स के लिए खेलेंगे, इंटरनेशनल मार्की टीम के एकल खिलाड़ियों में सबसे ऊंची रैंक वाले खिलाड़ी हैं। 24 साल के इस खिलाड़ी की अभी वर्ल्ड रैंकिंग में 60वीं रैंक है। वह इस साल की शुरुआत में अपने करियर की सबसे ऊंची रैंकिंग 56वें स्थान पर पहुंचे थे।

ऑस्ट्रेलिया के रिंकी हिजिकाता राजस्थान रेंजर्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। 25 साल के इस खिलाड़ी ने 2023 ऑस्ट्रेलियन ओपन मेन्स डबल्स टाइटल जीता था और 2025 विंबलडन मेन्स डबल्स फाइनल में पहुंचे थे।

डब्ल्यूटीए टूर: गॉफ ने सन को हराया, झेंग किनवेन

'चाइना ओपन' के 'अंतिम 16' में पहुंचीं

बीजिंग । अमेरिकी खिलाड़ी कोको गॉफ ने 16 वर्षीय चीनी खिलाड़ी सन जिनरान को 7-5, 6-1 से शिकस्त देकर चाइना ओपन डब्ल्यूटीए टूर इवेंट में लगातार चौथे साल 'राउंड ऑफ 16' में जगह बनाई। दो बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने शानदार खेल दिखाते हुए आखिरी 10 में से 9 गेम अपने नाम किए। गॉफ ने डब्ल्यूटीए टूर लेवल पर अपने से कम उम्र की खिलाड़ियों के खिलाफ खेले गए 28 मुकाबलों में से 24 जीते हैं। इस दौरान किसी टीनएजर के खिलाफ उन्हें एकमात्र हार 2025 में मॉन्ट्रियल में विक्टोरिया मबोको से मिली थी, जो बाद में चैंपियन बनीं। मुकाबले के बाद गॉफ ने युवा चीनी खिलाड़ी को सराहा। मैच के बाद इंटरव्यू में गॉफ ने कहा, 'मुझे लगता है कि 16 साल की उम्र में मैं जितनी परिपक्व थी, वह उससे कहीं ज्यादा परिपक्व हैं। मुझे लगता है कि मैं उससे थोड़ी ज्यादा परेशान हो गई थी, लेकिन वह एक शानदार खिलाड़ी है। मुझे पता था कि यह मैच मुश्किल होने वाला है। उनका जूनियर करियर बहुत शानदार रहा है। जाहिर है कि वह इस स्तर पर भी बहुत अच्छा करेगी।'



वहीं, सोमवार को चीन की स्टार झेंग किनवेन ने चेक गणराज्य की 18वीं सीड मैरी बाउजकोवा को 7-6 (3), 4-6, 7-5 से हराकर महिला सिंगल्स के 'राउंड ऑफ 16' में जगह बनाई। झेंग ने मैच का पहला ब्रेक हासिल किया, लेकिन बाउजकोवा ने छठे गेम में ब्रेक प्वाइंट्स जीतकर वापसी की। सेट टाई-ब्रेक तक गया, जहां झेंग ने 7-3 से जीत हासिल की।

बैंगलोर बादशाह को 14 रन से मात देकर कोलकाता वॉरियर्स ने जीता खिताब



तिरुपति। कोलकाता वॉरियर्स ने फाइनल मैच में बैंगलोर बादशाह को 14 रनों से मात देकर 'डेफ इंडियन प्रीमियर लीग 2026' का खिताब जीता। केवीएस स्पोर्ट्स पार्क क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में कोलकाता वॉरियर्स ने 15 ओवरों में 121/5 रन बनाए। इसके बाद बादशाह को 107/9 के स्कोर पर रोककर 14 रनों से मुकाबला अपने नाम कर लिया। यह चैंपियनशिप 1 से 4 अक्टूबर 2026 तक तिरुपति के केवीएस स्पोर्ट्स पार्क क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित की गई थी। इसने देशभर के मूक-बधिर क्रिकेटर्स को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान किया। इंडियन डेफ क्रिकेट एसोसिएशन (आईडीसीए) के अध्यक्ष सुमित जैन ने टूर्नामेंट के समापन पर खिलाड़ियों, अधिकारियों, भागीदारों और हितधारकों की सराहना की और टूर्नामेंट में उनके योगदान के लिए उनका आभार व्यक्त किया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया।

नेशंस लीग

फ्रांस ने बेल्जियम को 4-1 से हराया, ग्रुप में टॉप पर पहुंची



पेरिस । जिनेदिन जिदान की फ्रांस ने अपने मैराथन इंटरनेशनल ब्रेक का अंत स्टेड डी फ्रांस में बेल्जियम के खिलाफ 4-1 की जीत के साथ किया। जीत के साथ नेशंस लीग ग्रुप में टॉप पर पहुंच गई। फ्रांस ने दूसरे हाफ के 14 मिनट में चार गोल किए और मुकाबले में एक गोल से पिछड़ने के बाद भी 4-1 से बड़ी जीत की। बेल्जियम के लिए डोडी ल्यूकेबाकियो ने पहला गोल करके टीम को बढ़त दिलाई थी।

ब्रेक के बाद जिदान ने अपनी स्टार खिलाड़ियों वाली बेंच का इस्तेमाल किया और अपनी टीम को टॉप गियर में देखा, जब डिजायर डू और रेयान चेर्की ने तेजी से दो गोल करके मैच का रुख बदल दिया। माइकल ओलिस ने फिर देर से दो और गोल किए, जिससे फ्रांस ने ग्रुप ए1 में अपना बिना हारे रहने का रिकॉर्ड बनाए रखा। 35वें मिनट में अपने ही हाफ में मिडफील्ड में अकेले, रोमियो लाविया ने डोडी ल्यूकेबाकियो को एक थ्रू बॉल दी।

फ्रेंच डिफेंस हैरान रह गया, और बेल्जियम के विंगर ने गिलौम रेस्टेस के साथ वन-ऑन-वन मुकाबला किया, जिसने फ्रेंच गोलकीपर के नेट के ऊपरी दाएं कोने में बॉल भेजकर जीत हासिल की। 77वें मिनट में, लुकास दा कुन्हा ने सेंटर में डू को पास दिया। पेरिस के इस खिलाड़ी ने मुड़कर अपने बाएं पैर पर खड़े होकर एक नीचा, एंगल्ड शॉट मारा और साइड नेटिंग में गेंद डाल दी, जबकि उनके सामने बेल्जियम के कई खिलाड़ी थे, जिससे स्कोर 1-1 हो गया।

इटली ने तुर्किये को 3-1 से हराया, क्वार्टर फाइनल की रेस में शामिल

बोलोग्ना । रॉबर्टो मैनसिनी ने इटली के मैनेजर के तौर पर लौटने के बाद घरेलू मैदान पर पहली जीत हासिल की। इटली ने तुर्किये को 3-1 से हराया। इस जीत के साथ इटली नेशंस लीग ग्रुप ए1 में दूसरे स्थान पर पहुंच गया। जियानलुका स्कामाका के पहले गोल ने इंटरवल में अंतर पैदा किया, लेकिन अराल शिमसिर ने रीस्टार्ट के बाद तुर्किये को बराबरी पर ला दिया। हालांकि, बराबरी ज्यादा देर तक नहीं रही, क्योंकि रिकार्डो कैलाफियोरी ने बेंच से आकर अपनी टीम को फिर से आगे कर



दिया, इससे पहले पियो एस्पोसिटो ने आखिरी स्टेज में जीत पक्की कर दी। कई बार बाहर रहने के बावजूद, तुर्किये के खिलाफ 3-1 की जीत से यह पक्का हो गया है कि इटली को यूरोपियन चैंपियनशिप क्वालीफाइंग ड्रॉ में सीड मिलेगी, और सबसे बढ़कर, नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बने रहने की कोशिश करेगी। इटली के लिए स्कैमाका ने तीन साल बाद गोल किया था। पहले हाफ में कोई खास कमाल नहीं दिखा पाने के बाद इटली ने सिमसिर के बराबरी के गोल के बाद जोरदार जवाब दिया

मुख्यमंत्री ने हाथों में मशाल लेकर किया 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व, बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष देश के विकास और परिवर्तन की प्रेरक यात्रा: साय

एक सत बुलेटिन, रायपुर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में शासन प्रमुख के रूप में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज राजधानी रायपुर में सेवा, संकल्प और राष्ट्र निर्माण की भावना से ओतप्रोत 'विकसित भारत संकल्प सभा' एवं 'सेवा ज्योति यात्रा' का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के जिला मुख्यालयों सहित कुल 38 स्थानों पर 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के निर्माण की घोषणा की। उन्होंने राजधानी रायपुर के तेलीबांधा चौक को भी 'सेवा ज्योति संकल्प चौक' के रूप में विकसित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि ये संकल्प चौक जनसेवा, राष्ट्र निर्माण और विकसित भारत के संकल्प के प्रतीक बनेंगे। ये आने वाली पीढ़ियों को यह प्रेरणा देंगे कि राष्ट्र की प्रगति में प्रत्येक नागरिक का योगदान महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों को विकसित भारत एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया। इसके पश्चात उन्होंने हाथों में मशाल लेकर 'सेवा ज्योति यात्रा' का नेतृत्व किया और बाइक रैली को



हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से प्रारंभ हुई यह यात्रा तेलीबांधा चौक तक निकाली गई। बड़ी संख्या में नागरिकों और युवाओं ने उत्साहपूर्वक यात्रा में सहभागिता की। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 25 वर्ष का सेवाकाल राष्ट्र निर्माण की प्रेरक यात्रा मुख्यमंत्री श्री साय ने विकसित भारत संकल्प सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को श्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभाली थी। मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में उनके निरंतर सेवाकाल के आज 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन 25 वर्षों की यात्रा जनसेवा, सुशासन, विकास और राष्ट्रहित के प्रति अटूट समर्पण की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी स्वयं को देश का 'प्रधान सेवक' मानते हैं। देश के 140 करोड़ नागरिकों की आकांक्षाओं और उनके बेहतर भविष्य की चिंता करते हुए वे 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूल मंत्र के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने विकास के प्रत्येक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है और आज पूरी दुनिया भारत के बढ़ते सामर्थ्य और नेतृत्व को देख रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सेवा ज्योति यात्रा प्रधानमंत्री श्री मोदी के जनसेवा के प्रति समर्पण को सम्मान देने के साथ ही विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी का संकल्प लेने का अवसर है। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेश में एक माह का 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इस दौरान सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जनकल्याण और सामाजिक सहभागिता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभियान की शुरुआत में 17 सितंबर को छत्तीसगढ़ के लोगों ने पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ डेढ़ करोड़ से अधिक 'आशीर्वाद के दीये' प्रज्वलित कर प्रधानमंत्री श्री मोदी के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की थी। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रदेश के नागरिक सेवा और राष्ट्र निर्माण के संकल्प से लगातार जुड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का विराट लक्ष्य देश के सामने रखा है।

विकसित भारत-2047 के संकल्प के साथ निकली सेवा ज्योति यात्रा



एक सत बुलेटिन, रायपुर

प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर कोरबा जिला मुख्यालय के घंटाघर स्थित ओपन थिएटर मैदान में 'विकसित भारत संकल्प सभा' आयोजित हुई। प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग, श्रम, आबकारी एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में हुई सभा में प्रधानमंत्री के संबोधन का वर्चुअल प्रसारण किया गया। सभा को संबोधित करते हुए श्रम, उद्योग एवं आबकारी मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन, विकास और गरीब कल्याण को प्राथमिकता मिली है। उन्होंने नागरिकों से वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में किसानों, महिलाओं और आम नागरिकों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित हैं। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में डीएमएफ के माध्यम से कोरबा जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी, आश्रम-छात्रावास और सड़क सहित विभिन्न विकास कार्यों को गति मिली है। वर्षा से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के कार्य 15 अक्टूबर के बाद तेज किए जाएंगे। शहर के अंडरब्रिज निर्माण की तकनीकी अड़चनें दूर हो गई हैं और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। सभा में मंत्री श्री देवांगन ने उपस्थित जनसमुदाय को 'विकसित भारत सेवा संकल्प' की शपथ दिलाई।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कबीरधाम में निकली भव्य सेवा ज्योति यात्रा, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा हुए शामिल



एक सत बुलेटिन, रायपुर

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सरकार के मुखिया के रूप में सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज कबीरधाम जिले में भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक श्री विजय शर्मा, पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष श्रीमती मोना सेन सहित जनप्रतिनिधियों और हजारों नागरिकों ने यात्रा में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सेवा ज्योति यात्रा से पूर्व शासकीय पीजी कॉलेज के डोम में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन के संबोधन को उपस्थित नागरिकों ने सुना। इसके बाद सेवा ज्योति यात्रा निर्धारित मार्ग से होते हुए सेवा ज्योति चौक पहुंची। यात्रा में सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासियों ने भाग लेकर सेवा, जनभागीदारी और विकसित भारत-2047 के संकल्प का संदेश दिया। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि 7 अक्टूबर 2001 को श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली थी और आज 7 अक्टूबर 2026 को सरकार के मुखिया के रूप में उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। इन 25 वर्षों की यात्रा सेवा, सुशासन, संकल्प और देश को आगे ले जाने की यात्रा रही है। शर्मा ने कहा कि संकल्प लेना बड़ी बात है, लेकिन उसे धरातल पर उतारना उससे भी बड़ी बात है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत-2047 का संकल्प देश के सामने रखा है। वर्ष 2047 में जब भारत विकसित राष्ट्र बने, तब हमारा छत्तीसगढ़ विकसित छत्तीसगढ़, कबीरधाम विकसित कबीरधाम और कवर्धा विकसित कवर्धा बने, यह हम सभी का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा हो सकता है और रास्ता कठिन हो सकता है, लेकिन संकल्प मजबूत हो तो मंजिल हासिल की जा सकती है। सेवा ज्योति यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि जिले के विकास, सेवा और जनभागीदारी का संकल्प है। जब संकल्प बड़ा हो, नीयत स्पष्ट हो और 140 करोड़ देशवासियों की शक्ति साथ हो तो लक्ष्य कितना भी बड़ा क्यों न हो, 'हम जरूर करबो।'

छूटे हुए और नवीन पात्र मतदाताओं के लिए 9 अक्टूबर तक लगाए जाएंगे शिविर



भिण्ड। जिले की समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में समस्त मतदान केंद्रों पर 7 से 9 अक्टूबर तक छूटे हुए और नवीन पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने की सुविधा के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद छूटे हुए मतदाता तथा 1 अक्टूबर, 2026 को मतदान के लिए पात्र हुए मतदाता फार्म 6 भरकर मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते हैं। इसके अतिरिक्त 1 जनवरी, 2027 को मतदान के लिए पात्र होने वाले मतदाताओं से अग्रिम आवेदन भी प्राप्त किए जाएंगे। शैक्षणिक संस्थाओं में विशेष अभियान चलाकर 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे विद्यार्थियों से भी फार्म 6 भरवाए जाएंगे। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फार्म 6 के साथ कोई घोषणा पत्र नहीं देना होगा।

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा विभाग हुआ सतर्क, खाद्य पदार्थों में मिलावट की हो रही निरंतर जांच

एक सत बुलेटिन, भिण्ड

जिले में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा प्रशासन की सक्रियता से उपभोक्ताओं को गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी कार्रवाई की गई है। न्याय एवं निर्णय अधिकारी, न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने दिनांक 7 अक्टूबर 2026 को दो डेयरी संचालकों पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों के तहत कुल सात लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। अवमानक मावा तथा अपद्रव्य से युक्त सामग्री के उपयोग की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम में अवमानक खाद्य पदार्थ के लिए पांच लाख रुपये तक दंड का प्रावधान है।

राधेश्याम डेयरी पर कार्रवाई

खाद्य सुरक्षा अधिकारी रेखा सोनी ने दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को मौ तहसील की राधेश्याम डेयरी का निरीक्षण किया था। मौके पर मावा,




स्किम्ड मिल्क पाउडर एवं वनस्पति के नमूने लिए गए थे। जांच में मावा अवमानक, वनस्पति अपद्रव्य तथा स्किम्ड मिल्क अवद्रव्य स्तर का पाया गया। अनावेदक राधेश्याम यादव द्वारा पुनर्जांच हेतु अपीलीय आवेदन नहीं किया गया। न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने कुल पांच लाख रुपये का अर्थदंड लगाया है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रीना बंसल ने दिनांक 13 अगस्त 2024 को लहार तहसील के ग्राम रमपुरा स्थित राजवीर डेयरी का निरीक्षण किया था। मावा निर्माण के दौरान उपयोग हेतु रखे रिफाइंड पॉमोलिन ऑयल के नमूने लिए गए, जिसमें ऑयल अपद्रव्य स्तर का पाया गया। अनावेदक राजवीर यादव द्वारा पुनर्जांच हेतु आवेदन नहीं किया गया। न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने दो लाख रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। न्यायालय अपर जिला दण्डाधिकारी भिण्ड ने दोनों अनावेदकों को एक माह के भीतर निर्धारित विभागीय शीर्ष में अर्थदंड जमा करने तथा चालान की प्रति न्यायालय में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। राशि जमा न करने पर भू-राजस्व के रूप में वसूली की जाएगी।

जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना कार्य के लिए द्वितीय बैच के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण संपन्न

एक सत बुलेटिन, भिण्ड

भारत की जनगणना-2027 का द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी 2027 में किया जाना है। जनगणना कार्यों को समय-सीमा में संपादित कराने के लिए राज्य शासन के अधिकारियों का विभिन्न स्तर पर अत्यंत आवश्यक एवं महत्वपूर्ण है। इस अनुक्रम में जनगणना 2027 के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना के कार्य के लिए 02 दिवसीय द्वितीय बैच के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण कार्यक्रम समय प्रातः 09.30 बजे से सायं 6:00 बजे तक जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट सभागार भिण्ड में राज्य स्तर द्वारा नियुक्त प्रशिक्षक श्री भूपेन्द्र श्रीवास्तव, श्री भानुप्रताप सिंह द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अंत में अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण में जनगणना 2027 द्वितीय चरण के संबंध में दिशा निर्देश प्रदान किये गये। उक्त जनगणना



2027 द्वितीय चरण के द्वितीय बैच के प्रथम दिवस के प्रशिक्षण में सी.एम.ओ. एवं नगरीय चार्ज जनगणना अधिकारी समस्त, उनके जनगणना लिपिक एवं चार्ज पर नियुक्त तकनीकि सहायकों ने उक्त प्रशिक्षण में प्रथम दिवस में प्रतिभागियों का पंजीकरण, प्रतिभागियों का परिचय और जिला जनगणना अधिकारी द्वारा स्वागत भाषण, जनगणना 2027 द्वितीय चरण का परिचय-परिचालन प्रक्रिया और प्रशासनिक अधिकारियों तथा लिपिकों का दायित्व, सी.एम.एम.एस.पी.ई. मॉड्यूल में गणना ब्लॉक का गठन, प्रशिक्षण, लॉजिस्टिक्स डेशबोर्ड, ई.बी. क्रियेटर के माध्यम से उप-गणना ब्लॉक का सीमांकन एवं ले आउट मैप तैयार करना एवं सी.एम.एम.एस. के माध्यम से संक्षिप्त मकान सूची एवं चार्ज रजिस्टर तैयार करना आदि कार्य संपन्न किया। अतः जनगणना 2027 द्वितीय चरण के द्वितीय बैच के प्रथम दिवस में उपरोक्त समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रशिक्षण सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

नवा रायपुर में भारत-ज़िम्बाब्वे महिला टी-20 सीरीज़ की तैयारियां पूरी

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी नवा रायपुर स्थित शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम (परसदा) में आयोजित होने वाली भारत महिला बनाम जिम्बाब्वे महिला टी-20 क्रिकेट सीरीज की प्रशासनिक स्तर पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य सचिव श्री विकासशील की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक संपन्न हुई। तीन अंतर्राष्ट्रीय महिला टी-20 मुकाबले 16, 18 और 20 अक्टूबर 2026 को खेले जाएंगे। मुख्य सचिव ने खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में अन्य विभागों से आवश्यक समन्वय करने के निर्देश दिए। उन्होंने मैच के सुचारू संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े कार्यों के लिए पुलिस विभाग एवं आयोजक संस्थाओं को समय पर जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा है। मैच के सफल संचालन और अंतर-विभागीय समन्वय के लिए रायपुर कलेक्टर की अध्यक्षता में एक लोकल सपोर्ट कमेटी गठित की गई है। इस समिति में रायपुर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, खेल एवं युवा कल्याण संचालक, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता, एनआरडीए के प्रतिनिधि और छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि शामिल हैं। ई-टिकट को आसानी से स्कैन कर स्टेडियम में प्रवेश दिलाने के लिए दर्शकों हेतु परिसर में ओपन वाई-फाई की व्यवस्था की जाएगी। स्टेडियम के भीतर खाद्य सामग्री, पेयजल आपूर्ति इत्यादि व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए है।

उप मुख्यमंत्री ने राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बहतराई की खेल भूमि ने देश को दिए कई प्रतिभावान खिलाड़ी : अरुण साव

एक सत बुलेटिन, रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज बिलासपुर के स्वर्गीय बी.आर. यादव राज्य प्रशिक्षण केन्द्र बहतराई में 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रदेश के पांचों संभागों से आए खिलाड़ियों के मार्च पास्ट की सलामी ली और गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता का आगाज किया। बहतराई की खेल भूमि ने देश को दिए कई प्रतिभावान खिलाड़ी : श्री अरुण साव बहतराई की खेल भूमि ने देश को दिए कई प्रतिभावान खिलाड़ी : श्री अरुण साव राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बस्तर, बिलासपुर, रायपुर, सरगुजा और दुर्ग संभाग के 571 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। 10 अक्टूबर तक आयोजित इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष, 17 वर्ष एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की तीरंदाजी, 19 वर्ष आयु वर्ग की हॉकी और 19 वर्ष बालक वर्ग की कबड्डी के मुकाबले बहतराई के एस्ट्रोटर्फ, इंडोर स्टेडियम और तीरंदाजी मैदान में खेले जाएंगे। बहतराई की खेल भूमि ने देश को दिए कई प्रतिभावान खिलाड़ी : श्री अरुण साव उप मुख्यमंत्री श्री साव ने शुभारंभ कार्यक्रम में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बहतराई की खेल भूमि ने देश



और प्रदेश को कई प्रतिभावान खिलाड़ी दिए हैं। इसी मैदान पर खेलकर संजू देवी ने एशियन गेम्स कबड्डी में स्वर्ण पदक जीता। मधु सिदार और गीता यादव ने अंडर-19 महिला हॉकी में देश को गौरवान्वित किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के संदेश 'जो खेलेगा वही खिलेगा' को दोहराते हुए खिलाड़ियों से पूरी खेल भावना और आत्मविश्वास के साथ श्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बेलतरा विधायक श्री सुशांत शुक्ला ने कहा कि खेल के मैदान में कोई हारता नहीं है, खिलाड़ी या तो जीतता है या सीखता है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए बेहतर संसाधन और सुविधाएं जरूरी हैं। उन्होंने बहतराई खेल परिसर को मध्य भारत के उत्कृष्ट खेल संस्थानों में विकसित करने के लिए इसके उन्नयन पर जोर दिया। बिलासपुर के कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल, नगर निगम के आयुक्त श्री प्रकाश कुमार सर्वे, जिला पंचायत के सीईओ श्री संदीप अग्रवाल, श्री दीपक सिंह, श्री मोहित जायसवाल और जिला शिक्षा अधिकारी श्री संदीप पाण्डेय सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित थे। पीएमश्री कन्या विद्यालय सरकंडा की छात्राओं ने शुभारंभ कार्यक्रम में भारत माता की वंदना सहित रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। तपती धूप में छात्राओं की शानदार प्रस्तुति की अतिथियों ने सराहना की। विधायक श्री शुक्ला ने उनके उत्साहवर्धन के लिए 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने रतलाम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव को उज्जैन से वर्चुअली संबोधित किया

वृंदावन ग्राम में उन्नत नस्ल के पशुओं की प्रतियोगिता आयोजित करें : मुख्यमंत्री

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उन्नत नस्ल के पशुपालन को बढ़ावा दिया जाए। पशुपालकों को प्रोत्साहन मिले, इसके लिए वृंदावन ग्राम में पशु प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाए। प्रथम आने वाले पशुपालक को सरकार एक लाख रुपये देगी। द्वितीय आने वाले को 50 हजार रुपये एवं तीसरे स्थान पर आने वाले को 25 हजार रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कार का वितरण दीपावली पर गौवर्धन पूजा के अवसर पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को रतलाम में आयोजित बलराम कृषि महोत्सव कार्यक्रम को उज्जैन से वर्चुअल संबोधित किया। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा कि रतलाम के किसान खेती में बदलाव के साथ अलग-अलग प्रकार की खेती कर रहे है। किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए फसल उत्पादन, प्रोसेसिंग, पशुपालन एवं उद्यानिकी जैसी गतिविधियों को अपना रहे है। किसानों को कृषि क्षेत्र में सशक्त बनाने के लिए विभिन्न



योजनाओं एवं कार्यक्रमों के माध्यम से निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा सिंचाई का रकबा बढ़ाने के साथ ही पम्प ऊर्जीकरण के लिए 30 लाख किसानों के खेतों पर सोलर सिस्टम लगाने का लक्ष्य रखा गया है। रबी सीजन में सिंचाई के लिए किसानों को दिन में 10 घंटे बिजली उपलब्ध करवाई जाएगी। रतलाम में चंबल के पानी से सिंचाई हो रही है। नदी जोड़ो अभियान से रतलाम के किसानों के जीवन में बदलाव आएगा। एक्सप्रेस-वे के बनने से रतलाम में अच्छी बाजार व्यवस्था उपलब्ध हुई है। रतलाम के किसान बहुउद्देशीय फसलें उगाते हैं। साथ ही प्रोसेसिंग का कार्य भी करते है। रतलाम में अंगूर की खेती और अंगूर की प्रोसेसिंग का व्यवसाय भी अच्छे से चल रहा है। रतलाम स्वर्ण, सेव और उन्नत खेती के लिए प्रसिद्ध है। उन्होंने रतलाम की सेव के साथ ही तेल वाली कचौरी की भी तारीफ की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव से संवाद करते हुए सरकार की पीएम एफएमई योजना का लाभ लेकर घी के व्यवसाय को यूएस एवं श्रीलंका तक पहुंचाने वाले किसान दिलीप पाटीदार ने कहा कि उन्हें सरकार की योजना के अंतर्गत 30 लाख 10 हजार रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई है। वह बिलोना पद्धति से घी बनाते हैं, जिससे घी की शुद्धता और स्वाद अच्छा होना है जिससे देश के साथ-साथ विदेशों में भी घी की मांग बढ़ी है। इसके लिए उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। गुलाब की खेती करने वाले श्री प्रवीण पाटीदार ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमरूद का उत्पादन करने वाले किसान श्री कन्हैयालाल पाटीदार से चर्चा की। कन्हैयालाल ने बताया कि वह कम शुगर वाले वीएनआर, पिंक और रेड डायमंड किस्म के अमरूद का उत्पादन करते हैं। अमरूद को मुंबई, दिल्ली और असम तक के बाजारों में मांग के अनुसार भेजते हैं। जैविक उर्वरक के लिए रिसर्च सेंटर का संचालन करने वाली रेखा व्यास ने अपने जैविक खाद की जानकारी दी। लहसुन-प्याज का उत्पादन करने वाले किसान श्री धर्मेंद्र जाट ने भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव से स्थानीय मालवी भाषा में संवाद किया।

भोपाल जिले के 88 प्रतिशत एलपीजी उपभोक्ताओं ने करायी ई-केवायसी



■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

भोपाल जिले के 88 प्रतिशत एलपीजी उपभोक्ताओं द्वारा ई-केवायसी की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा विगत 06 माह में 06 बार ई-केवायसी की अनिवार्यता के लिये समय-सीमा बढ़ाई गई है। एक अक्टूबर 2026 तक जिन उपभोक्ताओं के द्वारा ई-केवायसी नहीं कराई गई है, उन्हें गैस रिफिल बुकिंग की सुविधा गैस कंपनियों द्वारा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार अस्थाई रूप से बंद की गई है, जो संबंधित उपभोकता द्वारा ई-केवायसी कराये जाने पर तत्काल पुनः प्रारंभ हो सकेगी। उपभोक्ता गैस एजेंसी अथवा ऑयल कंपनी के ऐप के माध्यम से भी घर बैठे ई-केवायसी कर सकते है। आयुक्त खाद्य श्री दिनेश जैन ने बताया है कि वर्तमान में भोपाल जिले में 4 सोसायटी 1. सागर लेक व्यू होम्स अयोध्या बायपास, 2. सौम्या पार्क लैण्ड अवधपुरी, 3. आकृति ग्रीन्स सलैया, 4. कैनाल किंनशिप सलैया) एलपीजी फ्री घोषित की गई है। इन कॉलोनियों में पीएनजी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इसके अतिरिक्त 12 अन्य कॉलोनियों को एलपीजी फ्री घोषित करने की प्रक्रिया प्रचलित है।थिंक गैस कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि जिन घरों में पीएनजी कनेक्शन पूर्व से उपलब्ध हैं, उन्हें भी एलपीजी फ्री श्रेणी में रखा गया है।

IMC 2026 की तैयारियों की केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने यशोभूमि में की समीक्षा, 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे शुभारंभ

■ एक सत बुलेटिन, **नई दिल्ली।**

केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने बुधवार को यशोभूमि में आयोजित होने वाले इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की जानकारी ली और अधिकारियों के साथ तैयारियों की प्रगति पर चर्चा की। उन्होंने यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि इंडिया मोबाइल कांग्रेस के 10वें संस्करण के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय के अनुसार पूरी हों। द्वृस्ट्र 2026 का शुभारंभ 8 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस वर्ष इंडिया मोबाइल कांग्रेस का आयोजन Scale Without Boundaries' थीम के साथ किया जा रहा है। आयोजन में 1.5 लाख से अधिक प्रतिभागियों, 500 से अधिक प्रदर्शकों एवं साझेदारों, 600 से अधिक स्टार्टअप्स और 900 से अधिक विचारकों के शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा 2,000 से अधिक प्रौद्योगिकी उपयोग के मामले, 120 से अधिक सत्र और 700 से अधिक निवेशक बैठकें आयोजित की जाएंगी। इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 भारत के दूरसंचार एवं डिजिटल परिवर्तन से जुड़े विभिन्न पहलुओं, नवाचारों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास



को प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करेगा।

सुगम विद्युत सेवाएं उपलब्ध कराएं : ऊर्जा मंत्री तोमर

भोपाल। विद्युत वितरण प्रणाली को निर्बाध बनाने तथा विद्युत समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की अध्यक्षता में बुधवार को रोशनी घर स्थित विधुत विभाग के कार्यालय ग्वालियर में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। इस अवसर पर मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के मुख्य अभियंता श्री विनोद कटारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ ही बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु तत्परता के साथ पहल करने तथा लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। सरल, सुगम एवं बेहतर विद्युत सेवाएं उपलब्ध हों। नवरात्रि तथा दीपावली पर्व पर उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराना हमारा दायित्व है।

भूमि नामांतरण के एवज में रिश्वत मांगने वाले जावर के पटवारी धर्मेन्द्र सिंह राठौर के विरुद्ध अभियोजन की स्वीकृति

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

राजस्व प्रशासन में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामलों में जिला स्तर पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर सीहोर श्री बालागुरु के. ने जावर तहसील में पदस्थ पटवारी धर्मेन्द्र सिंह राठौर के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन की स्वीकृति प्रदान की है। यह कार्रवाई लोकायुक्त में दर्ज शिकायत और जांच में सामने आए तथ्यों एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर की गई है। जारी आदेश के अनुसार, पटवारी धर्मेन्द्र सिंह राठौर के विरुद्ध शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि पटवारी द्वारा भूमि नामांतरण के एवज में 10 हजार रुपये रिश्वत की मांग की जा रही है। जारी आदेश के अनुसार शिकायत के सत्यापन के लिए निरीक्षक श्री मुकेश तिवारी द्वारा शिकायतकर्ता को डिजिटल वॉयस रिकॉर्डर उपलब्ध कराया गया।रिकॉर्डिंग के दौरान पटवारी द्वारा 8 हजार रुपये रिश्वत लेने पर सहमति व्यक्त की गई। इसके बाद स्वतंत्र पंच साक्षियों की उपस्थिति में रिकॉर्डेड वार्तालाप का अवलोकन कर प्रारंभिक पंचनामा तैयार किया गया और जावर जाकर ट्रेप की कार्रवाई की गई। रिकॉर्ड की गई बातचीत में रिश्वत की मांग स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुई। सीहोर जिले के तहसील कार्यालय जावर में पंचों की उपस्थिति में वॉयस



रिकॉर्डर और मेमोरी कार्ड का जप्ती पंचनामा तैयार कर उन्हें सीलबंद किया गया। आरोपी पटवारी की आवाज का नमूना (वॉइस सैंपल) लेकर एफएसएल भोपाल भेजा गया। एफएसएल रिपोर्ट में रिकॉर्ड की गई आवाज को पटवारी श्री राठौर की आवाज होना प्रमाणित किया गया। धर्मेन्द्र सिंह राठौर, पटवारी हल्का नंबर 24, तहसील जावर, जिला सीहोर के विरुद्ध लोक सेवक के पद का दुरुपयोग करते हुए भूमि नामांतरण के लिए 8 हजार रुपये रिश्वत की मांग करने का आरोप है। प्रकरण में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था। उपलब्ध साक्ष्यों के परीक्षण के आधार पर कलेक्टर सीहोर श्री बालागुरु के. ने माना कि आरोपी के विरुद्ध अभियोजन की कार्रवाई के लिए पर्याप्त आधार हैं।

80 वर्षीय दादी ने दिया आशीर्वाद, राजेन्द्र शुक्ल के प्रति जताया स्नेह



भोपाल। रीवा में आज आत्मीयता और स्नेह का भावुक दृश्य देखने को मिला। 80 वर्षीय दादी, राजेन्द्र शुक्ल को आशीर्वाद देने के लिए स्वयं कार्यक्रम स्थल पहुंचीं। उम्र के इस पड़ाव पर भी उनका कार्यक्रम स्थल तक पहुंचकर आशीर्वाद देना उपस्थित लोगों के लिए भावुक और आत्मीय क्षण रहा। दादी ने राजेन्द्र शुक्ल के प्रति अपना स्नेह व्यक्त करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। इस दौरान उनके बीच दिखाई दिया आत्मीय भाव लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। दादी का स्नेह और आशीर्वाद जनसेवा से जुड़े विश्वास और अपनत्व का भावपूर्ण उदाहरण है। राजेन्द्र शुक्ल के प्रति यह आत्मीयता जनप्रतिनिधि और आमजन के बीच के गहरे संबंध को सहज रूप से सामने लाती है।

कार्य के चलते हरदा–इटारसी होकर संचालित गरीब रथ एक्सप्रेस का एक ट्रिप मार्ग परिवर्तित

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कसारा स्टेशन पर आसनगाँव-कसारा तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत रेल यातायात एवं विद्युत ब्लॉक कल्याण-इगतपुरी रेलखंड पर लिया जा रहा है। इस कार्य के कारण भोपाल मंडल के हरदा-इटारसी होकर संचालित छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। जिसका विवरण इस प्रकार है- गाड़ी संख्या 12188 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-जबलपुर गरीब रथ एक्सप्रेस दिनांक



15 अक्टूबर को अपने निर्धारित मार्ग के स्थान पर कल्याण-करजत-पुणे-मनमाड होकर चलेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि प्रभावित तिथियों में यात्रा करने से पूर्व अपनी ट्रेन के परिचालन, मार्ग एवं समय की अद्यतन जानकारी रेलवे की अधिकृत सूचना सेवाओं से प्राप्त कर यात्रा की योजना बनाएं। परिचालन संबंधी परिवर्तन कार्य की प्रगति एवं परिचालनिक आवश्यकताओं के अनुसार प्रभावी रहेंगे।

रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन अब नियमित एक्सप्रेस के रूप में चलेगी

भोपाल। मध्य प्रदेश को पूर्वोत्तर भारत से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण रेल सेवा को अब स्थायी स्वरूप मिलने जा रहा है। यात्रियों की बढ़ती मांग, लंबी दूरी के यात्रियों की सुविधा तथा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए बेहतर रेल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रेलवे द्वारा रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को नियमित एक्सप्रेस ट्रेन के रूप में संचालित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत वर्तमान ट्रेन संख्या 01665/01666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति स्पेशल अब ट्रेन संख्या 11665/11666 रानी कमलापति-अगरतला-रानी कमलापति साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित रूप से संचालित होगी। इससे मध्य प्रदेश के यात्रियों को त्रिपुरा एवं पूर्वोत्तर भारत के प्रमुख क्षेत्रों के लिए नियमित सीधी रेल सेवा का लाभ मिलेगा। ट्रेन संख्या 11665 रानी कमलापति-अगरतला साप्ताहिक एक्सप्रेस का नियमित संचालन 22 अक्टूबर 2026 से प्रत्येक गुरुवार को रानी कमलापति स्टेशन से प्रारंभ होगा। ट्रेन का मार्ग रानी कमलापति-नर्मदापुरम-इटारसी-पिपरिया-गाडरवारा-नरसिंहपुर-जबलपुर-कटनी-मैहर-सतना-माणिकपुर-प्रयागराज छिवकी-मिर्जापुर-पं. दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-बक्सर-आरा-दानापुर-पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी-बेगूसराय-खगड़िया-नौगछिया-कटिहार-किशनगंज-न्यू जलपाईगुड़ी-न्यू कूचबिहार-न्यू अलीपुरद्वार-न्यू बोंगाईगांव-रंगिया-गुवाहाटी-छपारमुख-न्यू हाफलोंग-बदरपुर जंक्शन-न्यू करीमगंज-धर्मनगर-कुमारघाट-अंबासा-तेलियामुरा होते हुए अगरतला तक रहेगा।इस ट्रेन के संचालन से यात्री आवागमन को और गति मिलेगी।

अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया

बीना यार्ड रीमॉडलिंग कार्य के चलते अक्टूबर में भी प्रभावित रहेगा रेल परिचालन

■ एक सत बुलेटिन, **भोपाल।**

नवीन न्याय संहिताओं पर आधारित भव्य प्रदर्शनी का पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की उपस्थिति में सफल समापन हुआ। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री के तीन अक्टूबर के दौरे की सूचना के बाद प्रदर्शनी के आयोजन के लिए मात्र छह दिन का समय मिला था। अपराध अनुसंधान विभाग टीम ने लगातार अवकाश के दिनों में कार्य करते हुए रूपरेखा तैयार की और इवेंट एजेंसी ने केवल दो दिनों में प्रदर्शनी का सेटअप तैयार किया। उन्होंने कहा कि इतने कम समय में इतने बड़े स्तर का आयोजन टीम वर्क और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। पुलिस महानिदेशक श्री मकवाणा ने विशेष रूप से आरक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि अंतिम समय में ब्रीफिंग मिलने के बावजूद उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ आगंतुकों को नवीन कानूनों एवं आधुनिक पुलिसिंग की जानकारी दी। उन्होंने स्वयं भी परिवार के साथ सामान्य नागरिक के रूप में प्रदर्शनी का अवलोकन कर पूरी प्रक्रिया को समझा। समापन अवसर पर प्रदर्शनी को सफल बनाने में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अपराध अनुसंधान विभाग, फिंगरप्रिंट टीम, डॉग स्क्वाड, पुलिस थाना टीम सहित विभिन्न अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रदर्शनी में भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम के प्रावधानों को केवल पुस्तकीय जानकारी तक सीमित न रखते हुए पुलिस, फॉरेंसिक, चिकित्सा, अभियोजन, न्यायपालिका एवं जेल प्रशासन की समन्वित कार्यप्रणाली के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। चौदह विशेष जोन में मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, वीडियो, लाइव डेमो और सजीव नाट्य मंचन के माध्यम से नागरिकों को आधुनिक आपराधिक न्याय प्रणाली की पूरी कार्यप्रणाली को करीब से समझने का अवसर मिला।



अंतिम दिन अभियोजन एवं न्यायालय चरण का सजीव मंचन प्रदर्शनी के अंतिम दिन तृतीय चरण–अभियोजन तथा न्यायालय चरण को विशेष रूप से सजीव नाट्य मंचन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। इसमें विवेचना के बाद प्रकरण के अभियोजन तक पहुंचने, अभियोजन की भूमिका, न्यायालयीन कार्यवाही तथा अंतिम न्याय तक पहुंचने की प्रक्रिया को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया गया। इस सजीव प्रस्तुति में अपराध एवं आपराधिक टार्किंग नेटवर्क प्रणाली तथा अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली सहित आधुनिक डिजिटल प्रणालियों की भूमिका को भी प्रदर्शित किया गया। प्रस्तुति के माध्यम से बताया गया कि किस प्रकार आपराधिक न्याय प्रणाली के विभिन्न चरणों के बीच डिजिटल सूचना एवं कार्यप्रणाली का समन्वय प्रकरण के त्वरित एवं व्यवस्थित निराकरण में सहायक बनता है। अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली के पांच प्रमुख स्तंभों के माध्यम से 'एंड-टू-एंड' डिजिटल न्याय प्रक्रिया प्रदर्शनी में अंतर-संचालनीय आपराधिक न्याय प्रणाली तथा अपराध एवं आपराधिक टार्किंग नेटवर्क प्रणाली के माध्यम से आपराधिक न्याय प्रक्रिया को शुरुआत से अंत तक डिजिटल रूप में प्रस्तुत किया गया। 'वन डेटा, वन एंट्री' के सिद्धांत पर आधारित इस व्यवस्था में पुलिस से लेकर अभियोजन, स्वास्थ्य एवं फॉरेंसिक, जेल तथा न्यायालय तक विभिन्न चरणों में तकनीक के उपयोग और आपसी समन्वय को प्रदर्शित किया गया। पुलिस स्तरः अपराध एवं आपराधिक टार्किंग नेटवर्क प्रणाली तथा ई-साक्ष्य के माध्यम से प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज करने, डिजिटल साक्ष्य एकत्र करने, ई-जीरो एफआईआर तथा जांच प्रबंधन की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया। तलाशी, जब्ती एवं अपराध स्थल से संबंधित प्रक्रियाओं की ऑडियो-वीडियो रिकॉर्डिंग तथा ई-समन जैसी डिजिटल सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। अभियोजन स्तरः ई-प्रॉसीक्यूशन पोर्टल के माध्यम से आरोप-पत्र के त्वरित मूल्यांकन, केस फाइलों की डिजिटल जांच तथा पुलिस डेटाबेस से प्रकरण संबंधी जानकारी के डिजिटल समन्वय की प्रक्रिया को समझाया गया। स्वास्थ्य एवं फॉरेंसिक स्तरः मेडलीप्रार के माध्यम से मेडिको-लीगल जांच एवं पोस्टमॉर्टम रिकॉर्ड के मानकीकृत निर्माण तथा इलेक्ट्रॉनिक हस्तांतरण की प्रक्रिया और ई-फॉरेंसिक्स के माध्यम से वैज्ञानिक केस ट्रैकिंग एवं साक्ष्य सत्यापन की व्यवस्था को प्रदर्शित किया गया।

स्वामी एक सत प्रयास जनकल्याण समिति के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अमित शर्मा** द्वारा प्रकाशन स्थल बी-9 विवेक विहार कॉलोनी, लश्कर ग्वालियर (म.प्र.) पिन-474001 से प्रकाशित एवं सर्वोदय ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस, नया बाजार केनरा बैंक के पास ग्वालियर (म.प्र.)-474001 से मुद्रित। स्थानीय संपादक राजीव शुक्ल* पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।
RNI - MPHIN/2019/79098/ E-mail: EKSATBULLETIN@GMAIL.COM, WWW.EKSATBULLETIN.IN, मार्केटिंग एवं अन्य जानकारी हेतु हेड ऑफिस संपर्क करें- ए-1 माचना कॉलोनी, शा.राजीव गांधी हाई स्कूल शिवाजी नगर 6 नंबर बस स्टाप पास भोपाल। फोन: 0755-4515227, मोबाइल: 9691653088